आवश्यकता है दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

# दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास



वर्ष : 5 | अंक : 196 | हापुड़ , शनिवार 1 फरवरी 2025 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज: 06

## कांग्रेस ने देश की आदिवासी बेटी का अपमान किया, सोनिया गांधी के पूअर लेडी वाले बयान पर बोले पीएम मोदी

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार चरम पर है। पीएम नरेंद्र मोदी इसी क्रम में शुक्रवार को द्वारका में एक रैली को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि आपदा वाले खुद को दिल्ली का और कांग्रेस वाले खुद को देश का मालिक समझते हैं। पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस का अहंकार आज फिर देखा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने भाषण में देश के विकास और विकसित भारत की रूपरेखा पेश की। मातृभाषा हिंदी नहीं होने के बावजूद उन्होंने शानदार भाषण दिया। शाही परिवार का एक सदस्य ने इन्हें बोरिंग भाषण कहा। दूसरे ने थकी हुई कहा। यह देश के अनुसूचित जाति जनजाति का अपमान है। कांगेस हमेशा आगे बढ़ने वाले अनुसूचित जाति, जनजाति के लोगों का अपमान करती है। पीएम मोदी ने कहा कि हार के डर से दोनों अहंकारी आपस में मिल गए हैं। इसलिए दिल्ली वालों को सावधान रहना होगा। मैं आपकी सेवा करना चाहता हूं। समय देना चाहता हूं। पांच फरवरी को ढोल थाली बजाते हुए लोकतंत्र का उत्सव मनाइए। पांच फरवरी दिल्ली का भाग्य बदलने, आपदा से मुक्ति का दिन है। उन्होंने कहा कि राजधानी दिल्ली को तकरार वाली नहीं बल्कि तालमेल वाली सरकार चाहिए। उन्होंने कहा कि आपने कांग्रेस की सरकार देखा, फिर दिल्ली पर आपदा वाले कब्जा कर लिया। अब डबल इंजन की सरकार बनाकर हमें काम का मौका दें। पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र सरकार ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण



करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। पीएम मोदी ने कहा, मैं गारंटी देता हूं कि दिल्ली में भाजपा सरकर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। आपदा वाले केंद्र सरकार से, हरियाणा सरकार से यूपी सरकार से लड़ते रहेंगे। यदि यही आपदा वाले रहे तो दिल्ली विकास में पिछड़ती चली जाएगी। यहां तकरार नहीं तालमेल वाली सरकार चाहिए। हमें लूट और झूठ की आपदा से दिल्ली को मुक्त करना है। आपदा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। पीएम मोदी ने कहा कि वोटिंग में अब केवल पांच दिन शेष हैं। दिलवालों की दिल्ली ने अब ठान लिया है, आपदा वालों को भगाना है। साथियों जब भी द्वारका आता हूं, भगवान श्रीकृष्ण की द्वारका की याद आना स्वाभाविक है। गुजरात में द्वारका की सेवा का अवसर, यहां भी द्वारका की सेवा का अवसर चाहता हूं। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्य में चुनाव लड़ने के लिए यहां के लोगों की जेब पर डाका डालते हैं। जितना जल्दी हो इनसे मुक्ति पा लीजिए। पीएम मोदी ने कहा- दिल्ली में भाजपा सरकार बनते ही आपदा की सरकार पर कड़ा प्रहार होगा। जिन्होंने दिल्ली को लूटा है उन्हें लौटाना ही पड़ेगा। पहले ही सत्र में कैग की रिपोर्ट रखी जायेगी। इस रिपोर्ट में आपदा सरकार के घोटाले का जिक्र है। वो इसको दबाकर बैठे हैं। दिल्लीवासियों के दिल में आपदा वालों के प्रति घोर नफरत है। बस अब कुछ ही दिन बचा है, इनका कच्चा चिट्ठा लोगों के सामने होगा। आजकल ये लोग झुग्गियों में जाकर भांति-भांति के झूठ फैला रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि इन्हें यही आता है। सच तो यह है कि मोदी जहां झुग्गी है वहां पक्का मकान दे रही है।

ऐसा घर जिसमें अपना नल, अपना जल, मुक्त गैस कनेक्शन होगा। कई जगह मकान बनाने का काम चल रहा है। दिल्ली वासियों अब आप अभी मुझे जानते हैं, मेरा अपना कोई घर नहीं है, मेरा सपना है कि मैं हर गरीब को पक्का घर दूं। आपदा सरकार पूरी कोशिश में जुटी है कि आपको पक्का घर नहीं मिले। आपने जो संघर्ष झेला है, मैं नहीं चाहता कि वह आपके बच्चे भी झेले।

## प्रधानमंत्री जनता के मुद्दों पर बात नहीं करते-प्रियंका गांधी



नई दिल्ली । कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने बजट सत्र के आरंभ होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विपक्ष पर निशाना साधे जाने के बाद शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री जनता से जुड़े मुद्दों पर बात नहीं करते और जवाब नहीं देते। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, ''वह हमेशा यही करते हैं। जनता के मुद्दों पर बात नहीं करते, जवाब नहीं देते। आपने पिछला सत्र देखा कि (उन्होंने) चर्चा ही नहीं की। यह सब (आरोप) तो कहेंगे ना। प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि 2014 के बाद यह पहली बार है जब संसद का सत्र शुरु होने से पहले विदेश से कोई चिंगारी भड़काने की कोशिश नहीं की गई। संसद के बजट सत्र के पहले दिन मीडिया को संबोधित कर रहे प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा, मैं 2014 से देख रहा हूं कि हर सत्र से पहले शरारत करने के लिए लोग तैयार बैठते थे और यहां उन्हें हवा देने वालों की कोई कमी नहीं है। दस साल बाद यह पहला सत्र मैं देख रहा हूं, जिसमें किसी भी विदेशी कोने से कोई चिंगारी नहीं भड़काई गई।

## आप की योजनाओं से हर परिवार को 35 हजार रुपए का फायदा - अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली । आम बजट को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि उम्मीद की जा रही है कि यह बजट जनता के हित में होगा। उन्होंने अपनी पार्टी की योजनाओं और संभावित फैसलों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार की मौजूदा योजनाओं से दिल्ली के हर परिवार को लगभग 25,000 रुपए प्रति माह का फायदा हो रहा है, जबकि आगामी योजनाओं से इस राशि में और 10,000 रुपए का इजाफा होगा। अरविंद केजरीवाल ने बताया कि दिल्ली सरकार की सुविधाओं से मिडिल क्लास और गरीब वर्ग के परिवारों को प्रतिमाह कुल 25,000 रुपए की बचत हो रही है। इन सुविधाओं में मुफ्त बिजली, पानी, बस यात्रा, शिक्षा और चिकित्सा सेवाएं शामिल हैं। उदाहरण के तौर पर, मुफ्त बिजली से हर परिवार को 4,000-5,000 रुपए की बचत हो रही है, मुफ्त पानी से 2,000-2,500 रुपए




और मुफ्त बस यात्रा से 2,500 रुपए की बचत हो रही है। इसके अलावा, सरकारी स्कूलों में मुफ्त शिक्षा और मोहल्ला क्लीनिक में मुफ्त इलाज से भी परिवारों की अतिरिक्त बचत हो रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार यदि सत्ता में आती है, तो इन सारी सुविधाओं को बंद कर दिया जाएगा, जिससे लोगों को 25,000 रुपए का नुकसान होगा। भाजपा ने पहले ही ऐलान किया है कि वे मुफ्त शिक्षा, मुफ्त बिजली, महिलाओं की मुफ्त बस यात्रा, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त पानी जैसी योजनाओं को खत्म कर देंगे। केजरीवाल का कहना है कि पार्टी ने घोषणा की है कि वे हर महिला को 2,100 रुपए प्रतिमाह महिला सम्मान राशि देंगे, जिससे हर परिवार को औसतन 4,200 रुपए की अतिरिक्त बचत होगी। इसके अलावा, स्टूडेंट्स को मुफ्त बस पास और दिल्ली मेट्रो में 50 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। साथ ही, बुजुर्गों के इलाज के लिए %संजीवनी योजना% की शुरुआत की जाएगी, जिससे हर परिवार को लगभग 8,000-10,000 रुपए की बचत होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार सरकारी खजाने का पैसा अरबपतियों को देने में लगा देती है। भाजपा ने पांच सालों में 400 अरबपतियों के 10 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए हैं, जबकि आम आदमी के लिए कोई मदद नहीं की जा रही है। केजरीवाल ने एक %बचत पत्र% भी लॉन्च किया,

जिसके माध्यम से दिल्ली के हर परिवार को यह बताया जाएगा कि उन्हें मौजूदा और आगामी योजनाओं से कितना फायदा हो रहा है। पार्टी के नेता अब घर-घर जाकर यह बचत पत्र भरवाएंगे, ताकि लोग समझ सकें कि उन्हें किस योजना से कितनी बचत हो रही है।

## केजरीवाल पर राहुल गांधी का तंज, 2025 आ गया, आप यमुना में डुबकी कब लगाएंगे ?

### यमुना नदी के किनारे पहुंचकर नदी की स्थिति का जायजा लिया

नई दिल्ली । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच यमुना नदी के किनारे पहुंचकर नदी की स्थिति का जायजा लिया और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को उनका एक पुराना वादा याद दिलाकर कहा कि वे डुबकी कब लगाएंगे। राहुल ने यमुना नदी के किनारे पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने का वीडियो जारी किया।

उन्होंने कहा, केजरीवाल जी, अब 2025 भी आ गया। आप यमुना में



डुबकी कब लगाएंगे? दिल्लीवासी इस बात का इंतजार कर रहे है। दरअसल पिछले विधानसभा चुनाव के समय केजरीवाल ने यमुना नदी की सफाई का वादा किया था। विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी इन दिनों अपनी हर चुनावी सभा में केजरीवाल के वादे का उल्लेख करके उन पर निशाना साध रहे हैं।

उन्होंने दावा किया था कि केजरीवाल यमुना में स्नान नहीं करने और न ही इसका पानी पीने वाले हैं, क्योंकि ऐसा करने पर वे अस्पताल पहुंच जाएंगे।

## दुर्घटना की खबरें दबाने में हजार करोड़ बहाए, पीड़ितों के लिए सरकार क्यों हट रही पीछे - अखिलेश यादव



लखनऊ । प्रयागराज के महाकुंभ में हुई भगदड़ के बाद विपक्षी दल सरकार पर हमलावर है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि जहां हजारों करोड़ रुपये प्रचार पर और दुर्घटना की खबरें दबाने के लिए बहाए जा रहे हैं, वहां पीड़ितों के लिए कुछ करोड़ खर्च करने से सरकार पीछे क्यों हट रही है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार को महाकुंभ में फंसे लोगों को राहत के लिए व्यवस्था संबंधित सुझाव देते हुए कहा कि भोजन-पानी के लिए जगह-जगह दिन-रात ढाबे खोलने और भंडारों के आयोजन की अपील की जाए। प्रदेश भर से मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ को स्वयंसेवी लोगों के दुपहिया वाहनों के माध्यम से दूरस्थ इलाकों में फंसे लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि महाकुंभ के आस-पास और प्रदेश भर में मीलों तक फंसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। दवा की दुकानों को दिन-रात खोलने की अनुमति दी जाए। लोगों को कपड़े और कंबल दिए जाएं। सपा मुखिया ने कहा कि जहां हजारों करोड़ रुपये प्रचार पर और दुर्घटना की खबरें दबाने के लिए बहाए जा रहे हैं, वहां पीड़ितों के लिए कुछ करोड़ खर्च करने से सरकार पीछे क्यों हट रही है?

इससे पहले उन्होंने एक वीडियो जारी करते हुए कहा था कि सरकार उन लोगों की मदद के लिए आगे आए, जिन्होंने लोगों की मदद की लेकिन पैसे और सामान के बिना, भूखे-प्यासे त्रस्त लोगों ने मजबूर होकर उनकी दुकान की खाद्य सामग्री का उपभोग कर लिया। ऐसे दुकानदारों की क्षतिपूर्ति करने का दायित्व सरकार का है क्योंकि इस दुर्व्यवस्था जन्य दुर्घटना के लिए वो ही जिम्मेदार है।

## बेचारी महिला, बोल भी नहीं पा रही थीं; राष्ट्रपति के अभिभाषण पर बोलीं सोनिया गांधी



नई दिल्ली । संसद के बजट सत्र की शुरुआत करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कृषि क्षेत्र में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में सरकार की योजनाओं को रेखांकित किया। राष्ट्रपति के अभिभाषण में किसानों की आय बढ़ाने पर जोर दिया गया। हालांकि, विपक्ष को उनकी यह बात रास नहीं आई। कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी ने शुक्रवार को संसद के बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन पर टिप्पणी करते हुए कहा कि राष्ट्रपति अंत तक बहुत थकी हुई नजर आ रही थीं। सोनिया गांधी ने कहा, वह बहुत थकी हुई लग रही थीं, अंत में मुश्किल से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। इससे इतर, सोनिया गांधी के बेटे और कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी राष्ट्रपति के भाषण को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी और इसे बोरिंग बताया। राहुल ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि राष्ट्रपति का भाषण अत्यधिक उबाऊ था और इसमें कुछ नया नहीं था। कांग्रेस नेताओं के इन बयानों के बाद राजनीतिक हलकों में चर्चा शुरू हो गई। सत्ता पक्ष के द्वारा इस मुद्दे पर कांग्रेस को घेरने की प्रबल संभावना बन रही है। राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने संबोधन में कहा था कि सरकार कृषि क्षेत्र में सुधार के लिए लगातार काम कर रही है और किसानों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का एक नया वातावरण बना है तथा इस केंद्रशासित प्रदेश में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दिल से दूरियों का भाव समाप्त किया। मुर्मू ने कहा, ''विकसित भारत की एक महत्वपूर्ण कसौटी, देश का संतुलित विकास है। किसी क्षेत्र में ये भावना नहीं होनी चाहिए कि वो विकास में पीछे छूट रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों की इन्हीं भावनाओं को समझा, उनके दिल से दूरियों का भाव समाप्त किया तथा 10 से अधिक शांति समझौते कर सरकार ने अनेक गुटों को शांति के मार्ग से जोड़ने का काम किया है। राष्र्पिति ने इस बात का उल्लेख किया कि पूरा देश पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की संभावनाओं को देख सके, इस दिशा में पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया गया।

## महिलाओं को सशक्त बनाने में सरकार का विश्वास- मुर्मु

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में विश्वास करती है। श्रीमती मुर्मु ने संसद के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के माध्यम से लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है। देश की 10 करोड़ से भी अधिक महिलाओं को इसके साथ जोड़ा गया है। इन्हें कुल नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि बैंक के माध्यम से वितरित की गई है। उन्होंने कहा, मेरी सरकार का लक्ष्य



देश में तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है। आज एक करोड़ पंद्रह लाख से भी अधिक लखपति दीदी एक गरिमामय जीवन जी रही हैं। इनमें से लगभग 50 लाख लखपति दीदी बीते छह महीने में बनी हैं। ये महिलाएं एक उद्यमी के रूप में अपने परिवार की आय में योगदान दे रही हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी को बीमा उपलब्ध कराने की भावना के साथ कुछ महीने पूर्व ही बीमा सखी अभियान भी शुरू किया गया है। बैंकिंग और डिजी पेमेंट सखियाँ दूर दराज के इलाक़ों में लोगों को वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कृषि सखियाँ प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही हैं और पशु सखियों के माध्यम से पशुधन मज़बूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि ड्रोन दीदी योजना महिलाओं के आर्थिक और तकनीकी सशक्तिकरण का माध्यम बनी है। यह इस संसद के लिए गौरव का विषय है कि बड़ी संख्या में भारत की बेटियां लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं, पुलिस में भर्ती हो रही हैं और कॉरपोरेट कंपनियों का नेतृत्व भी कर रही हैं। सरकार के निर्णय के बाद बालिकाओं की भर्ती राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में प्रारंभ हो गई है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में भी महिला कैडेट्स की भर्ती शुरू हो गई है।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि बेटियाँ ओलंपिक में पदक लाकर देश को भी गौरवान्वित कर रही हैं। उन्होंने कहा, मैं भारत की संसद के माध्यम से देश की नारी-शक्ति को विशेष बधाई देती हूं।

## प्रयागराज महाकुंभ में जयशंकर के साथ 116 देशों के राजनयिक संगम में लगाएंगे डुबकी

महाकुंभनगर । संपूर्ण दुनिया के आकर्षण का केंद्र बना प्रयागराज महाकुंभ नित नए कीर्तिमान रच रहा है। विश्व के 116 देशों के राजनयिक कल महाकुंभनगर आ रहे हैं। सभी राजनयिक प्रयागराज के बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलीकाप्टर से अरैल पहुंचेंगे। राजनयिकों के साथ विदेशमंत्री एस.जयशंकर पहुंच रहे हैं ।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ सभी का प्रयागराज में स्वागत करेंगे। सभी राजनयिक अरैल पहुंचने पर सबसे पहले अपने देश का झंडा फहरायेंगे। इसके बाद संगम में डुबकी लगाने पहुंचेंगे । यह वैश्विक आयोजन मां गंगा के तट पर होगा। इस समागम में धुर विरोधी रूस और यूक्रेन के राजदूत भी शामिल होंगे। इसके अलावा अमेरिका, बांग्लादेश, जापान, जर्मनी, हंगरी, बेलारूस, कजाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, ब्राजील, मलेशिया, जिम्बाम्बे, कम्बोडिया, इटली, नेपाल, थाईलैंड, स्वीडन व स्विटजरलैंड समेत 116 देशों के राजनयिक अमृतकाल के साक्षी बनेंगे ।मेला अधिकारी विजय किरन आनंद के अनुसार, इस संबंध में सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राजनयिक संगम में डुबकी लगाने के बाद अक्षयवट और लेटे हुए हनुमान जी का दर्शन करेंगे। इसके बाद डिजिटल अनुभूति केंद्र में प्रयागराज के महात्म्य के संबंध में जानकारी लेंगे।

# संपादकीय

## जानिए आपकी आत्मा का रंग

आत्मा का कोई रंग पता नहीं चला है। ध्यान, धारणा, समाधि और पूजापाठ से लेकर मृत्यु के बाद वापस शरीर में लौटे लोगों तक आत्मा और परलोक के अनुभव बताते हैं पर उसका रंग कोई नहीं बताता। अध्यात्म विज्ञान की दिशा में शोध प्रयोग कर रहे कुछ अनुसंधान करने वालों ने इस दिशा में काम शुरु किया है। इस तरह के प्रयोगों में लगे पांडीचेरी के प्रो. के सुंदरम ने कहा है कि आत्मा का भी रंग होता है। रंगों का विश्लेषण करते हुए प्रो. सुंदरम का कहना है कि मूलतः पांच तरह के रंग ही होते हैं, जैसे काला, सफेद, लाल, नीला और पीला। इनमें भी काला और सफेद कोई रंग नहीं है। रंगों की अनुपस्थिति काला रंग बनता है और सभी रंगों की उपस्थिति सफेद रंग का आभास कराता है।इस तरह तीन ही रंग प्रमुख हो जाते हैं- लाल, पीला और नीला। अध्ययन और प्रयोगों को आगे बढ़ाते हुए प्रो, सुंदरम और उनके सहयोगियों ने शरीर में मौजूद सात चक्रों का रंग रुप भी खंगाला। चक्रों पर किए प्रयोग के बाद उन्होंने कहा है कि आत्मा का रंग या तो नीला होता है अथवा आसमानी। नीले रंग को वे थोड़ा निरस्त भी करते हैं क्योकि प्रकाश के रुप में आत्मा ही दिखाई पड़ती है और पीले रंग का प्रकाश आत्मा की उपस्थिति को सूचित करता है। धरती पर पचहत्तर प्रतिशत जल ही फैला है और जहां भी वह घनीभूत होता है वहां आकाश का रंग प्रतिबिंबित होने के कारण पानी का रंग नीला दिखाई देता है।

ध्यान में हुए अनुभवों और सपनों में दिखाई देने वाले उदास रंगों के आधार पर उन्होंने कहा है कि आत्मा का रंग आसमानी है। कुछ मनीषी मानते हैं कि नीला रंग आज्ञा चक्र का और आत्मा का रंग है।

## यह है नॉर्थ ईस्ट के इंद्रधनुषी रंग

भारत के नॉर्थ ईस्ट स्टेट टूरिस्ट के लिए हॉट स्पॉट बनकर उभरे हैं। पिछले कुछ वर्षो में इन राज्यों में आने वाले घरेलू और विदेशी सैलानियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। मणिपुर, त्रिपुरा और नागालैंड में 20-29 फीसदी ज्यादा विदेशी टूरिस्ट पहुंचे, वहीं अरुणाचल प्रदेश और नागालैंड पहुंचने वाले घरेलू पर्यटकों की संख्या में 36-41 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई। नागालैंड- नागालैंड जितना खूबसूरत है, उतना ही इसके आसपास का माहौल भी। यहां 16 जनजातियां पाई जाती हैं। प्रतिबंधित क्षेत्र परमिट (आरएपी) में ढील की वजह से राज्य में विदेशी के साथ-साथ घरेलू पर्यटकों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। नागालैंड का हॉर्नबिल फेस्टिवल पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है। यह फेस्टिवल टूरिज्म विभाग द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाता है, जिसमें सभी 16 जनजातियां अपने-अपने रीति-रिवाजों, परंपराओं एवं लोकनृत्य-संगीत का प्रदर्शन करते हैं। इसमें मिजोरम, मेघालय समेत पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों के कलाकार भी अपने लोकसंगीत और नृत्य का प्रदर्शन करते हैं। इसमें इन राज्यों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं विविधता देखने को मिलती है। इसलिए इसे फेस्टिवल ऑफ फेस्टिवल्स भी कहा जाता है। यहां के पर्यटन आकर्षणों में द्वितीय विश्वयुद्ध का कब्रिस्तान, राज्य संग्रहालय, कोहिमा और दीमापुर के चिड़ियाघर शामिल हैं। प्रमुख शहरों में दीमापुर, कोहिमा, मोकोकचुंग, मोन, फेक, त्वेनसांग, वोखा, जुन्हेबोटो मिलकर इसे बेहद खूबसूरत बनाते हैं। अरुणाचल प्रदेश- यह नॉर्थ-ईस्ट का बेहद खूबसूरत राज्य है। बोमाडिला, तवांग और इसके आसपास के कई दर्शनीय बौद्ध स्थल हैं। पशिघाट का प्राकृतिक सौंदर्य देखने लायक है। अन्नी गोंपा, वार मेमोरियल, माधुरी लेक, नामदफा राष्ट्रीय उद्यान, माउलिंग राष्ट्रीय उद्यान दर्शनीय स्थल हैं। लोस्सार, सी-दोन्याई, मोपिन, सोलुंग, परशुराम कुंड मेला, लिखबली मेला आदि प्रमुख त्योहार और मेले हैं। एडवेंचर के शौकीन बह्मपुत्र नदी में रिवर राफ्टिंग का आनंद ले सकते हैं। मणिपुर- यहां का प्राकृतिक सौंदर्य और हिल्स की खूबसूरती देखते ही बनती है। मणिपुर की राजधानी इंफाल प्राकृतिक सौंदर्य और वन्यजीवन से घिरी हुई है। गोविंद जी मंदिर, कांगला पैलेस, युद्ध स्मारक, इमा केथेल, इम्फाल घाटी आदि इसके पर्यटन में चार चांद लगाते हैं। तामेंगलांग में ऑरेंज महोत्सव काफी लोकप्रिय है। तामेंगलांग में जाइलद झील बेहद खूबसूरत स्थल है। मेघालय- मेघालय की मनोरम वादियों को देख कोई भी इसकी खूबसूरती का कायल हो सकता है। बारिश के मौसम में यहां की पहाड़ियां लुभावनी दिखाई देती हैं। मेघालय की राजधानी शिलांग की खूबसूरती और यहां की ऊंची-ऊंची पहाड़ियों के आकर्षण से आप बच नहीं सकते। यहां वार्ड लेक, लेडी हैदरी पार्क, पोलो ग्राउंड, मिनी चिड़ियाघर, एलीफेंट वाटर फॉल प्रमुख पर्यटक स्थल है। मिजोरम- यहां के खूबसूरत धान के खेत, बांस के जंगल, कलकल बहते झरने-प्रकृति प्रेमियों को जरूर आकर्षित कर सकते हैं। यहां की राजधानी आइजोल धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र है। चमफाई और तामदिल देखने लायक हैं। वानतांग जलप्रपात मिजोरम में सबसे ऊंचा और अति सुंदर जलप्रपात है। ट्रेकर्स के लिए मिजोरम स्वर्ग के समान है। असम- प्रकृति प्रेमियों के लिए असम स्वर्ग से कम नहींहै। यह चाय के बागानों के लिए प्रसिद्ध है। कामाख्या मंदिर, नवग्रह मंदिर, कांजीरंगा नेशनल पार्क, मानस उद्यान, विश्व की सबसे बड़ी नदी द्वीप माजुली, चंदुबी झील, होजो, बताद्रवा सुआलकूची आदि दर्शनीय स्थल हैं। बिहु, बाथोव पूजा, पोरग, बैसागू, जोनभील मेला, अम्बुबासी आदि प्रमुख है।

## 1 फरवरी 2025 का पंचांग

सूर्योदय- 07.10 प्रात-
सूर्यास्त- 06.10 सायं
सूर्य राशि- मकर राशि में।
चंद्र उदय- 09.05 प्रात-
चंद्र अस्त- 08.13 सायंकाल
चंद्रमा- रात्रि- 08.58 उपरांत मीन राशि में।






आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना माघ-03 पूर्णिमांत महीना माघ-19, पक्ष- शुक्ल पक्ष 03, तिथि-तृतीया प्रात- 11.38 तक बाद में चतुर्थी, नक्षत्र- पूर्वाभाद्रपद प्रात- 02.33 तक बाद में उत्तराभाद्रपद, योग-परिघ दोपहर- 12.25 तक बाद में शिव, करण-ग़र प्रात- 11.38 तक बाद में विष्टी, राहु काल प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक,कुलीक काल प्रात- 06.00 से 07.30 बजे तक, यमगंड दोपहर- 01.30 से 03.00 बजे तक अभिजीत मुहूर्त- 12.18 से 01.02 तक, दुमुहूर्त प्रात- 08.38 से 09.22 तक दोपहर- 01.02 से 01.46,अमृत काल सायं- 07.06 से 08.35 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.34 से 06.22 तक।

## 1 फरवरी 2025 का दैनिक राशिफल।

मेष- बढ़ती आमदनी में परेशानी आएगी, जल्दबाज़ी के निर्णय ना लें, पत्नी में अहंकार की भावना बढ़ेगी, घर में मेहमान का आना होगा।
भाग्य प्रतिशत-51

वृषभ- रिश्तों से थोड़े विरक्ति के भाव आयेंगे, कृषि, केमिस्ट्री, विज्ञान में कार्य कर रहे है तो प्रगति करेंगे, व्यवसाय में नए आईडिया से उन्नति मिलेगी।
भाग्य प्रतिशत-74

मिथुन- कुछ बदलाव जीवन में होने जा रहे है, चुनौतियों से निपटना होगा, सुख-सुविधा पर खर्चा बढ़ेगा, फाइनेंस मार्केटिंग, प्रिंटिंग के क्षेत्र उन्नति होगी।
भाग्य प्रतिशत-56

कर्क- जिम्मेदारी बढ़ने वाली है थोड़ी टेंशन अवश्य रहेगी, कोई कानूनी कार्य करने की तैयारी में ध्यान रखें, प्रतिष्ठा और सम्मान को बढ़ाने का प्रयास करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-54

सिंह- लोगों को आप समझ नहीं आयेंगे, आपका स्वभाव आपकी उन्नति में बाधक बनेगा, नौकरी में भागदौड़ बढ़ेगी, पुत्री संतान का योग बनेगा।
भाग्य प्रतिशत-51

कन्या- शुगर, गुप्त रोग, दृष्टि
समस्या आदि परेशान कर सकती है, पत्नि से अलगाव की स्तिथि सम्भव है,अड़ियल रवैय्या छोड़ना चाहिए।
भाग्य प्रतिशत-49

तुला- आँखों का ईलाज लेंगे, मेडिटेशन, योग सेंटर में लोग बढ़ने लगेंगे, प्रेम में आत्मीयता ढूंढेगे, नौकरी में झगड़ने से बचें।
भाग्य प्रतिशत-52

वृश्चिक- माइग्रेन की समस्या बढ़ सकती है, बात-बात में क्रोध से बचें, फौजी को कठिन कार्य मिलेगा, व्यवसाय में पेचीदगी के बाद लाभ होगा।
भाग्य प्रतिशत- 53

धनु- वैवाहिक जीवन में तालमेल बिगड़ सकता है,अपनी छवि के विपरित कार्य ना करें, मामा परिवार पर परेशानी आ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

मकर- आमदनी बढ़ने लगेगी, तनावपूर्ण माहौल को सम्भालना पड़ेगा, निवास में परिवर्तन कर सकते है, बड़े की तरह जिम्मेदारी निभानी होगी।
भाग्य प्रतिशत-51

कुम्भ- विवाह के रिश्ते में परेशानी आएगी,किसी बात का दुःख सालता रहेगा, दुकान के कार्य में बाधा दूर होगी आमदनी बढ़ेगी।
भाग्य प्रतिशत-52

मीन-विरोध के स्वर बढ़ेगे, विवाह के रिश्ते में मांग हो सकती है तैयार रहें, सरकारी कार्य में दबाव देकर आर्थिक लाभ हासिल करेंगे।
भाग्य प्रतिशत-57

# अक्षय कुमार की फिल्म स्काई फोर्स ने पहले सप्ताह में 86 करोड़ की कमाई की




मुंबई । बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार की फिल्म स्काईफोर्स ने अपने पहले सप्ताह के दौरान भारतीय बाजार में 86 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है। फिल्म स्काईफोर्स में अक्षय कुमार के साथ निमरत कौर, सारा अली खान और वीर पहाड़िया की अहम भूमिका है।'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया इंडियन एयरफोर्स के पायलट्स के किरदार में हैं। यह फिल्म स्क्वाड्रन लीडर देवय्या और भारतीय वायु सेना के अन्य सदस्यों की सच्ची कहानी पर आधारित है, जिन्होंने 1965 भारत-पाक युद्ध दौरान लड़ाई लड़ी थी। फिल्म स्काईफोर्स गणतंत्र दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को रिलीज हुयी है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार फिल्म स्काईफोर्स ने सात दिनों भारतीय बाजार में 86 करोड़ रूपये से अधिक की कमाई कर ली है।

वीर पहाड़िया ने फिल्म स्काईफोर्स के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया है।

फिल्म स्काईफोर्स का निर्देशन अभिषेक अनिल कपूर और संदीप केवलानी ने किया है,जबकि इसका निर्माण मैडॉक फिल्म्स के तहत दिनेश विजन और अमर कौशिक और जियो स्टूडियोज़ के तहत ज्योति देशपांडे ने किया है।

## अनिल कपूर और रितेश देशमुख ने बोमन ईरानी को फ़िल्म द मेहता बॉयज़ के लिये शुभकामना दी




मुंबई । बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर और रितेश देशमुख ने अपने दोस्त बोमन ईरानी को उनके निर्देशन में बनी पहली फिल्म द मेहता बॉयज के लिए शुभकामनाएं दी है। फ़िल्म द मेहता बॉयज़ का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर रिलीज़ हो गया है, जिसे काफी प्यार मिल रहा है।अनिल कपूर और रितेश देशमुख ने बोमन ईरानी को उनकी फिल्म द मेहता बॉयज के लिए शुभकामनाएं दी है। अनिल कपूर ने अपनी खुशी को साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा,आज सैर के दौरान मैंने द मेहता बॉयज के लिए बहुत प्यार सुना, फिर महसूस किया कि यह मेरे दोस्त बोमन की निर्देशन में बनी पहली फिल्म है! उन्हें शुभकामनाएं. जब दर्शकों को यह पसंद आती है, तो आप जानते हैं कि यह खास है। रितेश देशमुख ने एक भावपूर्ण नोट साझा करते हुए लिखा, सदमेहताबॉयज का कितना शानदार ट्रेलर है। प्यारे बोम्सी, मुझे आप पर बहुत गर्व है!!

आप कितने बेहतरीन निर्देशक हैं, इसे देखने के लिए उत्सुक हूँ। अविनाश तिवारी, आप शानदार हैं।

चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट एलएलपी के साथ मिलकर ईरानी मूवीटोन एलएलपी के बैनर तले बोमन ईरानी, दानेश ईरानी, विकेश भूटानी, और शुजात सौदागर निर्मित की गई फ़िल्म, द मेहता बॉयज़ का निर्देशन बोमन ईरानी ने किया है। बोमन ईरानी ने एकेडमी अवार्ड विजेता एलेक्स डिनेलारिस के साथ मिलकर इस फ़िल्म की कहानी भी लिखी है।इस फ़िल्म में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी, श्रेया चौधरी, और पूजा सरूप मुख्य भूमिकाओं में नज़र आने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनिया भर के 240 से अधिक देशों एवं क्षेत्रों में सात फरवरी को प्राइम वीडियो पर हिंदी में द मेहता बॉयज़ का एक्सक्लूसिव प्रीमियर होगा, जिसे तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में डब किया जाएगा तथा कई भाषाओं में सबटाइटल के साथ रिलीज़ किया जाएगा।

## सैफ अली खान की बहन ने दिया ट्रोलर्स को कडा जवाब

मुंबई । सोशल मीडिया पर अभिनेता सैफ अली खान की बहन सबा पटौदी ने उन ट्रोलर्स को कड़ा जवाब दिया, जो उनकी जल्दी रिकवरी पर सवाल उठा रहे थे। सबा ने पोस्ट में लिखा कि लोग सैफ के हीलिंग प्रोसेस को समझें और किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। इस घटना के बीच, सैफ का एक पुराना इंटरव्यू वायरल हो रहा है, जिसमें उन्होंने भारत में मुसलमान होने के चलते सामना किए गए भेदभाव के अनुभव साझा किए थे। सैफ ने बताया था कि मुंबई के जुहू इलाके में घर खरीदने के दौरान उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा था, अगर आप मुसलमान हैं और जुहू में घर खरीदने की कोशिश करते हैं, तो आपको यह कहा जाएगा कि हम मुसलमानों को घर नहीं देते। जब सैफ से पूछा गया कि क्या उन्हें विदेशों में भी इस तरह का भेदभाव झेलना पड़ा, तो उन्होंने कहा, यूएस में मुझे ऐसा कुछ नहीं हुआ, लेकिन भारत में मुझे इस तरह का भेदभाव महसूस हुआ है। सैफ ने भारत में धार्मिक तनावों पर बात करते हुए कहा, भारत में धार्मिक तनाव होते हैं, और शायद यही भारत की असलियत है - हमें इसे सहन करना होता है। इंसान का स्वभाव कभी आसान नहीं होता, और कभी न कभी दूसरे धर्मों के बीच लड़ाई होगी। सैफ अली खान की इस सच्चाई को लेकर लोग सोशल मीडिया पर अपनी-अपनी राय दे रहे हैं। कई लोग उनके अनुभव को सहानुभूति के साथ देख रहे हैं, तो कुछ इसे लेकर सवाल उठा रहे हैं। बता दें कि इस महीने की शुरुआत में बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर उनके घर में घुसे एक चोर ने चाकू से हमला कर दिया था। इस हमले में चाकू का एक टुकड़ा उनकी रीढ़ की हड्डी में फंस गया था, जिसके बाद उन्हें लीलावती अस्पताल में सर्जरी करानी पड़ी। डॉक्टरों ने सैफ की रीढ़ से ढाई इंच लंबा चाकू का टुकड़ा निकाला। उन्होंने अस्पताल में पांच दिन बिताए और अब वह पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट आए हैं।

## तीन फिल्में फ्लॉप होने पर डिप्रेशन से जूझे शाहिद, यह फिल्म हिट हुई तो आध्यात्म का रास्ता सूझा



मुंबई । बॉलीवुड के जिस अभिनेता की बात करने जा रहे हैं, उसने अपने आपको लोहे की तरह आग में तपाया है। इन्होंने सिनेमा पर्दे की दुनिया में एक बैकग्राउंड डांसर के रूप में अपना करियर शुरू किया।

आज इस अभिनेता का नाम लोगों की जुबान पर है। एक समय आता है, जब लगातार 3 फिल्मों के फ्लॉप होने से वो डिप्रेशन में चले जाते हैं और फिर कई ब्लॉकबस्टर हिट फिल्में देने के बावजूद आध्यात्म की ओर जाने की इच्छा जाहिर करते हैं। शाहिद कपूर ने बॉलीवुड में साल 2003 से सिनेमा करियर की शुरूआत की। इश्क विश्क शाहिद के करियर की पहली फिल्म थी। अभिनेता को उनके हैंडसम और चार्मिंग चेहरे की वजह से चाकलेटी बॉय नाम दिया गया, बल्कि इसके उलट 2019 में आई 'कबीर सिंह' फिल्म में इन्होंने एक गुस्सैल अभिनेता का किरदार निभाकर लोगों को चौंका दिया। शाहिद कपूर की ये फ्लॉप फिल्में, जिसने भेजा उनको डिप्रेशन में करियर की शरूआत के तीन साल बाद इस अभिनेता की एक महीने के अंदर तीन फिल्में रीलीज हुई और तीनों ही फिल्में फ्लॉप रहीं, जिसके सदमे को वो सहन नहीं कर सकें और डिप्रेशन में चले गए। उन तीन फिल्मों का नाम था शिखर, वाह लाइफ हो तो ऐसी और दीवाने हुए पागल। पॉपुलर फिल्मों के बाद क्यों बना आध्यात्म का मन इस अभिनेता का करियर बहुत उतार-चढ़ाव वाला रहा। तीन फ्लॉप फिल्मों के बाद शाहिद कपूर ने कई हिट फिल्में दी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड्स बना दिए थे। इनकी एक फिल्म 'विवाह' थी, जिसकी पॉपुलैरिटी का अंदाजा इससे लगा सकते हैं कि ये फिल्म 25 हफ्तों तक सिनेमाघरों में चलती रही। इस फिल्म के बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई और फैंस के बीच चर्चित स्टार बन गए। एक इंटरव्यू में शाहिद कपूर ने बताया कि कई हिट फिल्मों के बाद उनका मन आध्यात्मिकता की ओर जाने का किया, वो बताते हैं कि जीवन का असली मायने उन्हें समझ आ गए थे। अभिनेता को बड़ी हिट का इंतजार शाहिद कपूर एक बड़े हिट फिल्म के इंतजार में है।

2014 में रीलीज हुई एक्शन फिल्म 'हैदर' लोगों को इनके शानदार अभिनय की वजह से बहुत रास आई थी, इसने बॉक्स ऑफिस पर भी औशत बजट का कलेक्शन किया था। आज के दिन यानी 31 जनवरी को शाहिद कपूर की बहुप्रतिक्षित एक्शन फिल्म 'देवा' सिनेमाघरों में रीलीज हो रही है, जिससे उनके फैंस को बहुत उम्मीदें हैं।

## लगातार चौथे दिन शुरुआती कारोबार के दौरान शेयर बाजार में तेजी का रुख, सेंसेक्स और निफ्टी उछले



नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार में आज लगातार चौथे कारोबारी दिन शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद शुरुआती आधे घंटे के कारोबार में मामूली उतार-चढ़ाव होता हुआ नजर आया, लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में तेजी आ गई। एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.23 प्रतिशत और निफ्टी 0.40 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।

पहले एक घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से लार्सन एंड टूब्रो, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, ट्रेंट लिमिटेड, टाइटन कंपनी और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स के शेयर 3.93 प्रतिशत से लेकर 2.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर भारती एयरटेल, कोल इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व और एनटीपीसी के शेयर 3.21 प्रतिशत से लेकर 0.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,746 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 604 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 7 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 129.08 अंक की तेजी के साथ 76,888.89 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होने के बाद कुछ देर तक बाजार में मामूली उतार-चढ़ाव होता रहा, लेकिन पहले आधे घंटे के कारोबार में ही खरीदारों ने एक्टिव होकर लिवाली शुरू कर दी। लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10.15 बजे सेंसेक्स 179.90 अंक की मजबूती के साथ 76,939.71 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 47.25 अंक उछल कर 23,296.75 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलने के बाद पहले आधे घंटे तक सामान्य कारोबार होता रहा, लेकिन इसके बाद खरीदार पूरी तरह से एक्टिव हो गए।

हालांकि बीच-बीच में बिकवाली का मामूली झटका भी लगता रहा, इसके बावजूद इस सूचकांक की चाल में तेजी बनी रही। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10¬15 बजे निफ्टी 92.10 अंक की बढ़त के साथ 23,341.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 226.85 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 76,759.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 86.40 अंक यानी 0.37 प्रतिशत की तेजी के साथ 23-,249.50 अंक के स्तर पर गुरुवार के कारोबार का अंत किया था।

## सर्राफा बाजार में तेजी, सोना और चांदी की बढ़ी चमक



नई दिल्ली । बजट के एक दिन पहले आज सर्राफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। आज सोना 150 से 170 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। चांदी ने भी आज 2,200 रुपये प्रति किलोग्राम की छलांग लगाई है। कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 83,180 रुपये से लेकर 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 76,260 रुपये से लेकर 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 98,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 8 3,080 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 83,080 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 76,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 83,180 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 76,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने की कीमत में उछाल दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 83,030 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 76,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

# शिवी शर्मा ने एम.एस.सी फिजिक्स में स्वर्ण पदक प्राप्त कर बढ़ाया गौरव



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

बुलन्दशहर गुलावठी । राजस्थान के प्रतिष्ठित वनस्थली विद्यापीठ में आयोजित 41वें दीक्षांत समारोह में गुलावठी के आदर्श नगर के रहने वाली छात्रा शिवी शर्मा ने एम.एस.सी फिजिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रोफेसर टी.जी. सीताराम, अध्यक्ष अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE) द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। शिवी शर्मा की इस उपलब्धि से उनके परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई है। उनके पिता योगेंद्र कुमार शर्मा (डी.वी.एस. स्कूल वाले) ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी बेटी बचपन से ही पढ़ाई में अत्यंत रुचि रखती थी। पढ़ाई के साथ-साथ वह अपनी माता की भी मदद करना पसंद करती है। आज जब उसने अपनी मेहनत और लगन से स्वर्ण पदक हासिल किया है, तो यह पूरे परिवार और समाज के लिए गर्व की बात है। शिवी की इस शानदार उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि उनके शिक्षकों और मित्रों में भी हर्ष का माहौल है। उनके माता-पिता ने भगवान से प्रार्थना की कि उनकी बेटी भविष्य में भी इसी तरह सफलता हासिल करे और देश का नाम रोशन करे। शिवी शर्मा की यह उपलब्धि उन सभी छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणा है जो उच्च शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का सपना देखते हैं।

## युवा समाजसेवी योगेश शर्मा की सगाई समारोह में नगर के गणमान्य लोगों ने दी शुभकामनाएं



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (रिशू कुमार)। नगर के एक मैरिज होम में युवा समाजसेवी योगेश शर्मा की सगाई का कार्यक्रम बड़े धूमधाम से संपन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर नगर और दूर-दराज से आए नेतागण, व्यापारी, मित्र, ग्राम प्रधान, सभासद और नगर के गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और योगेश शर्मा को सगाई की शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। कार्यक्रम के दौरान पूरे माहौल में उत्साह और हर्षोल्लास देखने को मिला। रंगारंग आतिशबाजी से पूरे समारोह की रौनक और बढ़ गई। योगेश शर्मा अपने मित्रों के साथ जमकर डीजे की धुनों पर थिरके और इस खुशी के मौके को यादगार बनाया। कई लोगों ने फूलों के गुलदस्ते भेंट कर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सगाई समारोह में नगर के कई प्रतिष्ठित लोग भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस अवसर को विशेष बना दिया।

## बूढ़े बाबू के दौज मेले में उमड़ा आस्था का जनसैलाब



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

औरंगाबाद (सैय्यद मजहर)। श्री नागेश्वर महादेव मंदिर के मैदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मंदिर कमेटी के तत्वावधान में बूढ़े बाबू के दौज मेले का भव्य आयोजन किया गया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ मेले में भाग लिया। मंगलगीत गाते हुए पहुंची महिलाओं ने श्रद्धाभाव के साथ बूढ़े बाबू के तालाब से मिट्टी निकालकर पूजार्चना की। मान्यता है कि इस तालाब की मिट्टी को मस्तिष्क और शरीर पर लगाने से रोग, विशेषकर चर्म रोग दूर हो जाते हैं। मेले में बच्चों के लिए विभिन्न खेल-खिलौनों, महिलाओं के साज-श्रृंगार के सामान और स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगे। श्रद्धालुओं ने पूजार्चना के उपरांत जमकर खरीदारी की और टिक्की, समोसे, चाट-पकोड़ी, चाऊमीन और गर्मागर्म जलेबियों का आनंद लिया। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी नीतीश भारद्वाज और एसएसआई मुनेन्द्र शर्मा पुलिस बल के साथ मेले में तैनात रहे। श्री नागेश्वर महादेव मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों ने मेले की व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई।

## श्री परम पूज्य रविनंदन शास्त्री जी महाराज द्वारा द्वितीय दिवस भक्तमाल कथा का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। सिद्धपीठ श्री महाकाली जी के स्थापना वार्षिक महोत्सव के दौरान श्री परम पूज्य रविनंदन शास्त्री जी महाराज द्वारा द्वितीय दिवस भक्तमाल कथा का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर सैकड़ों भक्तों ने कथा का लाभ लिया और भक्ति के रस में रंगे। कथा में श्री रविनंदन शास्त्री जी महाराज ने भगवान की महिमा और उनके भक्तों की पुण्य कथा सुनाई, जिससे श्रद्धालुओं का दिल प्रफुल्लित हो गया। इस आयोजन में मंदिर के महंत पंडित शिव शंकर शर्मा, विजय अग्रवाल, अजय वर्मा, योगेश वर्मा, मोहित पंडित, टीटू गोस्वामी, देवांश शर्मा समेत कई अन्य सम्मानित लोग उपस्थित थे। भक्तों ने इस अवसर का पूरा लाभ उठाते हुए धर्म की शिक्षा प्राप्त की और संकल्प लिया कि वे अपने जीवन में भगवान की भक्ति और उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलेंगे।

# देव नागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। देव नागरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सड़क सुरक्षा क्लब के अंतर्गत सड़क सुरक्षा संबंधी भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सड़क सुरक्षा जन सुरक्षा थीम को केंद्र में रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य योगेश त्यागी ने छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के महत्व से अवगत कराते हुए बताया कि सरकार के परिवहन मंत्रालय द्वारा बनाए गए सभी नियम नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं और हमें इनका पूरी निष्ठा से पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी होने के नाते समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है।

बीए पंचम सेमेस्टर के छात्र ऋषभ शर्मा (हेड लीडर) द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई। महाविद्यालय के सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया और गुलावठी नगर के आसपास की मलिन बस्तियों एवं गांवों में जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिससे आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा सके। सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए सुरक्षा के 10 सुनहरे नियमों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हेलमेट पहनना, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना, नियंत्रित गति में वाहन चलाना, नशे की हालत में गाड़ी न चलाना, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग न करना, ट्रैफिक नियमों का पालन करना, वाहन की फिटनेस का ध्यान रखना, सड़क पर संयमित व्यवहार रखना और सतर्कता से वाहन चलाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन नियमों का पालन करने से न केवल स्वयं की बल्कि अन्य लोगों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रोफेसर अतुल तोमर, हरिदत्त शर्मा, भवनीत सिंह बत्रा, कृष्ण कुमार, शशि कपूर, श्याम प्रकाश एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक तथा अन्य विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# कानूनगो केहर सिंह का तहसील सभागार में भव्य विदाई समारोह





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शिकारपुर तहसील में शुक्रवार को राजस्व निरीक्षक केहर सिंह के सम्मान में भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसडीएम दीपक कुमार पाल और तहसीलदार विपिन वर्मा ने उन्हें फूलमाला और स्मृति चिन्ह भेंट कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में लेखपाल संघ जिलाध्यक्ष सचिन गर्ग और शिकारपुर तहसील अध्यक्ष हरीश कुमार ने उनके कार्यकाल और योगदान पर प्रकाश डाला। केहर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने 32 वर्ष 29 दिन तक राजस्व विभाग में जनता की सेवा की, जिसकी शुरुआत अनूपशहर तहसील से हुई और समापन शिकारपुर तहसील में हुआ। उन्होंने जनता के सहयोग और अधिकारियों-कर्मचारियों के स्नेह के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि शिकारपुर तहसील को वे हमेशा याद रखेंगे। तहसील अधिकारियों और कर्मचारियों ने केहर सिंह के कार्यकाल की सराहना की। विदाई समारोह के दौरान कुछ पल के लिए वे भावुक हो गए। एसडीएम और तहसीलदार ने अपनी गाड़ी से उन्हें ससम्मान तहसील से विदा किया। इस अवसर पर बैंड बाजे की धुन पर लेखपालों ने जमकर उत्सव मनाया। समारोह में कानूनगो केहर सिंह की पत्नी और परिजन भी शामिल हुए, जिनका तहसील परिसर में स्वागत किया गया। इस मौके पर राजस्व निरीक्षक सचिन गर्ग, अनूप शर्मा, नरेंद्र कुमार, रूप सिंह, रिटायर्ड कानूनगो समय सिंह, सप्लाई इंस्पेक्टर नरेंद्र पाल सिंह, लेखपाल हरीश कुमार, मुकेश शर्मा, दयानंद, राहुल शर्मा, अभिषेक, ईश्वर सिंह, जयकिशोर, जयकिशन, हर्षित माथुर, धर्मवीर सिंह, नासिर, दिनेश कुमार, गुड्डन सिंह, राजबीर सिंह सहित बड़ी संख्या में तहसील स्टाफ मौजूद रहा।

## बीसीए छात्रों द्वारा छठे सेमेस्टर की फीस न देने पर प्रैक्टिकल निरस्त, छात्रों ने एसडीएम से की जांच की मांग



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

शिकारपुर (हितेश शर्मा)। श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय के बीसीए के छात्रों ने कॉलेज प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए एसडीएम से जांच कर कार्रवाई की गुहार लगाई है। छात्रों का आरोप है कि कॉलेज प्रबंधन ने छठे सेमेस्टर की एडवांस फीस न देने पर उनके पांचवे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल रोक दिए हैं। जानकारी के मुताबिक, छात्रों ने शुक्रवार को एसडीएम दीपक कुमार पाल को शिकायती प्रार्थना पत्र सौंपा। छात्रों का कहना है कि कॉलेज में उनकी पांचवे सेमेस्टर की फीस पहले ही जमा है, लेकिन कॉलेज ने एडवांस में छठे सेमेस्टर की फीस मांगते हुए प्रैक्टिकल देने से मना कर दिया है। छात्रों ने इस निर्णय को गलत और दबाव डालने वाला बताते हुए एसडीएम से इसकी जांच कराने की मांग की है। एसडीएम दीपक कुमार पाल ने पुष्टि की कि कॉलेज में पांचवे सेमेस्टर के प्रैक्टिकल चल रहे हैं और छात्रों की फीस भी जमा है, लेकिन प्रबंधन द्वारा छठे सेमेस्टर की फीस के लिए दबाव डाला जा रहा है। छात्रों ने जिलाधिकारी और मुख्यमंत्री से भी न्याय की गुहार लगाई है। कॉलेज के प्रधानाचार्य ललित कुमार गुप्ता ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी और छात्रों द्वारा लगाए गए आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि कॉलेज प्रबंधन ने सभी नियमों का पालन किया है। छात्रों के द्वारा दी गई शिकायत पत्र में अभिषेक, रचित, नीलू शर्मा, मूलचंद शर्मा, केशव, चिराग प्रताप, आशु, यशदीप, दीपक, यश कुमार, शिव चौधरी और गुलशन का नाम शामिल है। अब यह देखना होगा कि इस मामले में आगे क्या कदम उठाए जाएंगे।

## कांग्रेस नेताओं की खुर्जा में बैठक, महिला कांग्रेस की भूमिका पर चर्चा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। शुक्रवार को जनपद बुलंदशहर के खुर्जा में कांग्रेस नेताओं ने संगठन की मजबूती और महिला कांग्रेस की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़, जिला महासचिव ज्ञानेंद्र सिंह राघव, और पीसीसी सदस्य कृष्ण मोहन सिंह ने भाग लिया। बैठक में संगठन के विस्तार पर जोर देते हुए पदाधिकारियों ने आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया। जीटी रोड स्थित कृष्ण मोहन सिंह के प्रतिष्ठान पर आहूत इस बैठक में जय बापू, जय भीम, जय संविधान के नारे के साथ पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर बल दिया गया। वहीं, महिला कांग्रेस की एक अन्य बैठक गोकुलबिहार स्थित महिला महासचिव बबीता शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। इस बैठक में महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष प्रज्ञा गौड़ का भव्य स्वागत किया गया। प्रज्ञा गौड़ ने संगठन के विस्तार और महिलाओं की राजनीति में बढ़ती भागीदारी पर विचार रखते हुए कहा कि महिलाओं को राजनीतिक और पदों में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलनी चाहिए, जबकि वर्तमान में केवल 12 प्रतिशत महिलाओं की भागीदारी है। उन्होंने सभी महिलाओं से कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और प्रियंका गांधी द्वारा महिलाओं को दिए गए 40 प्रतिशत टिकटों के लाभ का फायदा उठाने की अपील की। बैठक में खुर्जा से अध्यक्ष पद के चुनाव में भाग लेने वाली सुनीता सिंह, लक्ष्मी शर्मा, रानी शर्मा, अनीता वर्मा, विमलेश वर्मा, रेखा शर्मा, राजेश शर्मा, निर्वेश शर्मा, पूर्व प्रधानाचार्या मंजुलता शर्मा, अंजलि शर्मा सहित दर्जनों महिलाएं उपस्थित रही।

# मॉडर्न एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गुलावठी (सैय्यद मजहर)। नगर स्थित मॉडर्न एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक वीपी सिंह, विशिष्ट अतिथि सुधा चौधरी और प्रधानाचार्य पवन कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में बच्चों ने रानी लक्ष्मीबाई, सुभाष चंद्र बोस, क्वीन, सैनिक, राधा रानी, श्रीकृष्ण और हनुमान सहित कई ऐतिहासिक और धार्मिक चरित्रों का रूप धारण कर मंच पर प्रस्तुति दी। प्रधानाचार्य पवन कुमार ने बताया कि नर्सरी और यूकेजी वर्ग में खतीजा शिफान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, कक्षा एक और दो में तनिष्का और आनंद ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि कक्षा तीन और चार में वानिया और गौतम विजयी रहे। सभी विजेताओं को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप प्रबंधक स्वामी चौधरी, सरिता अग्रवाल, विशुल गोयल, डीपी सिंह, प्रविता चौधरी, चौधरी केपी सिंह, सविता शर्मा सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। मंच संचालन का कार्यभार उमा चौधरी और इशरत जहां ने संभाला।

## दानपुर ब्लॉक में हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का आयोजन





उजाला हितैषी एक्सप्रेस

डिबाई (हितेश शर्मा)। प्राथमिक विद्यालय भीमपुर विकास क्षेत्र दानपुर में ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन-हमारे बच्चे उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अजयपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी दानपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें अजयपाल सिंह, श्री राधे श्याम (सीडीपीओ दानपुर), यशपाल सिंह (खण्ड शिक्षा अधिकारी दानपुर), संजीव गौड़, सचिन गुप्ता और पल्लवी देवी ने भाग लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में परिषदीय विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम में निपुण भारत मिशन, स्कूल रेडीनेस और अन्य शैक्षिक पहलुओं पर चर्चा भी की गई। इस अवसर पर अजयपाल सिंह और श्री राधे श्याम ने कार्यक्रम की सराहना की और शासन द्वारा प्रदान की जा रही सुविधाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन यशपाल सिंह द्वारा शिक्षकों और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को मार्गदर्शन देने के साथ हुआ, और सम्मानित अतिथियों व बच्चों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। कार्यक्रम में सुरेन्द्र कुमार (ब्लॉक मंत्री), बिजेन्द्र कुमार, रमेश चन्द, सुबोध गौतम, शेर सिंह मथुरिया, मनोज कुमार, शरद आर्य, सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री और नोडल शिक्षक स्कूल रेडीनेस दानपुर उपस्थित थे।

## प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को समाज सेवियों ने दी विदाई, सम्मान समारोह आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बुलंदशहर श्लोक कुमार द्वारा थाना प्रभारीयों के स्थानांतरण के दौरान डिबाई कोतवाली के प्रभारी धर्मेंद्र सिंह राठौड़ का स्थानांतरण सिटी बुलंदशहर के पद पर किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और समाजसेवियों ने एक सम्मान समारोह का आयोजन किया और धर्मेंद्र सिंह राठौड़ को विदाई दी।

मंडल अध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह राघव, नगर पालिका डिबाई के अध्यक्ष अरुण ठाकुर और अन्य समाजसेवियों ने कोतवाली डिबाई में आयोजित समारोह में प्रभारी निरीक्षक को भगवान कृष्ण का चित्र भेंट किया और उन्हें अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने राठौड़ की अनूपशहर और डिबाई में किए गए उत्कृष्ट पुलिस प्रशासनिक कार्यों की सराहना की। विदाई समारोह में राठौड़ से अपील की गई कि वे अपने कार्यकाल में सिटी बुलंदशहर में भी अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाने का कार्य करें। इस मौके पर क्षत्रिय महासभा के संरक्षक कुँवर अभय प्रताप सिंह, एलडीएवी के मुख्य प्रवक्ता अखंड प्रताप सिंह, महासचिव प्रदीप राघव, कुबेर इंटर कॉलेज के मुख्य प्रवक्ता प्रवीण राघव, शिवकुमार उर्फ भूरा लंबरदार, सुभाष पुंडीर, पंकज कुमार और अन्य कई समाजसेवी भी उपस्थित रहे।

## मनिहार सिद्दीकी समाज की बैठक में शिक्षा और आपसी समझदारी पर जोर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। मनिहार सिद्दीकी समाज की बैठक मन्नान सिद्दीकी के आवास पर आयोजित की गई, जिसकी सदारत गुफरान सिद्दीकी ने की, जबकि निजामत अरशद सिद्दीकी ने संभाली। इस बैठक में मुख्य अतिथि हाजी खालिद सिद्दीकी ने समाज के सभी सदस्यों को संबोधित किया। हाजी खालिद सिद्दीकी ने अपने बच्चों को दुनियावी और दीनी तालीम पर जोर देते हुए कहा कि आपसी मतभेदों को समाप्त किया जाना चाहिए। उन्होंने समाज में चल रहे झगड़ों और मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की अपील की। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एक मसला जो पहले अदालत में पहुंच गया था, अब समाज के जिम्मेदार लोगों के प्रयासों से हल हो गया है। इसके साथ ही, सादिक हुसैन ने अलीगढ़ की टीम तालीम मिशन बेदारी कोचिंग के बारे में जानकारी दी और बच्चों को इस कोचिंग से लाभ लेने की सलाह दी। बैठक में मुस्ताक सिद्दीकी, शकील सिद्दीकी, अंजुम सिद्दीकी, सलीम सिद्दीकी, गोपी भाई, शम्मी सिद्दीकी, आरजू सिद्दीकी, हांजी रईस सिद्दीकी, तुफैल सिद्दीकी, फुरकान सिद्दीकी, फैजान सिद्दीकी, शोएब सिद्दीकी, उमर सिद्दीकी, राजू सिद्दीकी, डॉक्टर जुल्फिकार सिद्दीकी, सलीम सिद्दीकी मुल्लाजी, हाजी मुन्ना नौचंदी वाले, इमरान सिद्दीकी, शाहिद सिद्दीकी, रहमान सिद्दीकी सहित कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को पुत्री की शादी के लिए मिलेगी 20,000/ की अनुदान धनराशि- जय प्रकाश यादव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी जय प्रकाश यादव ने अवगत कराया कि पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजनान्तर्गत पिछड़े वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के व्यक्तियों को जिनकी आय सीमा 1,00,000/(शहरी एवं ग्रामीण दोनो क्षेत्रों के लिए) तक पुत्री की शादी के लिए 20,000/ की अनुदान धनराशि दी जाती है इस योजना के अन्तर्गत ऑनलाइन आवेदन http://shadianudan.up.gov.in वेबसाइट पर किया जाएगा। योजना से संबंधित अन्य पात्रताएं इस प्रकार है। 1.इस योजना के तहत शादी की तिथि से 90 दिन पूर्व व 90 दिन बाद तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा। 2.ऑनलाइन आवेदन करने के पश्चात प्राप्त ऑनलाइन फाइनल प्रिंट अन्य दस्तावेजों के साथ तहसील (शहरी क्षेत्र के आवेदक)/ब्लॉक (ग्रामीण क्षेत्रों के आवेदक) में 7 कार्य दिवस के अन्दर जमा करना होगा। 3.अन्य दस्तावेजों के अन्तर्गत तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र व जाती प्रमाण पत्र, शादी का कार्ड, वर का आधार कार्ड, पुत्री का आधार कार्ड 4.ऑनलाइन आवेदन करते समय पंजीकृत बैंक के ही खाते का प्रयोग करें।

# फ्री सेमिनार 1 फरवरी को दवा मुक्त जीवन कैसे जिएं ?

## खाओ पियो मस्त रहो क्लींज करो स्वस्थ रहो-डा पीयूष सक्सैना



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

गाजियाबाद । हॉलिस्टिक जीवन धारा फाउंडेशन गाजियाबाद द्वारा किलींजिंग थैरेपी द्वारा दवामुक्त जीवन की संकल्पना पर आधारित निःशुल्क सेमिनार का आयोजन होटल एलाइड,रेलवे रोड,बजरिया (घंटाघर के पास), गाजियाबाद में डॉ पीयूष सक्सेना पी.एच डी.(नेचुरोपैथी) अमेरिका,प्रणेता किलीजिंग थेरेपी,सीनियर वाइस प्रेसिडेंट (रिलायंस इंडस्ट्रीज) के सानिध्य में एवं सूत्रधार डॉ.यशपाल गुप्ता विशेषज्ञ किलींजिंग थेरेपी व (कोर्डिनेटर उ.भारत) के नेतृत्व में शनिवार,01=02=2025 को सायं 2-30 से 5 बजे तक किया जाएगा ।जिसमें आप सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

डॉ. यशपाल गुप्ता (विशेषज्ञ क्लींजिंग थेरैपी) ने प्रेस को जानकारी देते हुए बताया कि क्या आप छुटकारा चाहते हैं?

- हार्ट अटैक/हृदय रोग से,
- गॉलब्लेडर9किडनी स्टोन से बिना ऑपरेशन,ज़्जोड़ों के दर्द से
- बी.पी./डायबिटीज से रिवर्स करके, ज़्लिवर व किडनी संबंधित असाध्य रोंगो आदि से, यह सब संभव है नैचुरोपैथी क्लींजिंग थेरेपी से जिसे अपनाने से मनुष्य की इम्यूनिटी में आश्चर्यजनक वृद्धि होती है फलस्वरूप विश्व में ज्ञात 90% बीमारियों का 100% समाधान स्वत: होता है।इस बेमिसाल क्लींजिंग थेरेपी द्वारा आप अपना इलाज अपने आप भी कर सकते हैं। विशेष बात यह है कि इसका कोई दुष्प्रभाव भी नहीं होता। ऐसी अदभुत चिकित्सा पद्धति की जानकारी प्रदान करने हेतु एक नि:शुल्क सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है।

डा पीयूष सक्सैना ने बताया कि जिस तरह हम टू व्हीलर,फॉर व्हीलर की सर्विस कराते हैं और सर्विस के बाद व्हीकल नए की तरह चलता है उसी सिद्धांथ पर हम शरीर पर कार्य कर रहे हैं।जीवन में यदि हम आंतरिक अंगों को क्लीन करते हैं तो 90% बीमारी से बचे रहते हैं। इससे एनर्जी लेवल बढ़ेगा,नींद अच्छी आएगी,आंखों के नीचे झाइयां चली जाएंगी,हिमोग्लोबिन का लेवल ठीक होगा,कमर दर्द,गुर्दे की पथरी गल कर निकल जाएगी,महिलाओं की पीसीओएस आदि समस्याएं ठीक होंगी। इस अवसर पर डा यश पाल गुप्ता,डा राजन आदर्श,योग मर्मज्ञ देवेन्द्र हितकारी, बीपी गौतम आदि क्लींजिंग थैरेपी पर मार्ग दर्शन देंगे। देवेन्द्र हितकारी ने बताया कि क्लींजिंग थेरेपी स्वस्थ राष्ट्र की दिशा में एक सार्थक कदम है।

# दुर्गावती देवी सभागर, विकास भवन में जिला अधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



गाजियाबाद । गर्भधारण प्रसव पूर्व निदान तकनीक लिंग चयन प्रतिषेध अधिनियम 1994 के अन्तर्गत पंजीकरण, नवीनीकरण निरस्तीकरण, चिकित्सक की अनुमति, स्थान-परिवर्तन के आवेदनों का स्थलीय निरीक्षण कराकर के निस्तारण हेतु दिनांक 30.01.2025 को दुर्गावती देवी सभागर, गाजियाबाद में जिला सलाहकार समिति की बैठक आहूत की गयी। जिसमें सलाहकार समिति द्वारा 11 केन्द्रों के पंजीकरण, 13 केन्द्रों के नवीनीकरण, 20 केन्द्रों पर कार्य करने हेतु चिकित्सकों की अनुमति के आवेदन एवं 17 केन्द्रों पर नई यू0एस0जी0 मशीन अपडेशन, 02 केन्द्रों के स्थान परिवर्तन करने, 02 केन्द्रों के पंजीकरण न करने एवं 08 केन्द्रों के पंजीकरण निरस्त करने की संस्तुति की गयी। इस अवसर पर श्री दीपक मीणा, जिलाधिकारी, गाजियाबाद/समुचित प्राधिकारी, पी0सी0पी0एन0डी0टी0, गाजियाबाद, श्री अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, डा0 अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद, डा0 अभिषेक त्रिपाठी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका, जिला महिला चिकित्सालय, गाजियाबाद, डा0 पंकज शर्मा, रेडियोलोजिस्ट, जिला एम0एम0जी0 चिकित्सालय, गाजियाबाद, डॉ0 अर्चना सिंह, बाल रोग विशेषज्ञ, जिला संयुक्त चिकित्सालय, गाजियाबाद, डॉ0 रिचा त्रिपाठी, पैथोलॉजिस्ट, जिला संयुक्त चिकित्सालय, संजयनगर, गाजियाबाद, संयुक्त निदेशक अभियोजन गाजियाबाद, जिला सूचना अधिकारी, गाजियाबाद एवं डॉ0 ओ0पी0 अग्रवाल, एन0जी0ओ0 आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# वो चुराकर ले गया सारे दीये घर के मेरे -बेख़ौफ़ शायर



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) वजम ए खुर्शीद उर्दू हिन्दी मंच असौड़ा के सौजन्य से एक मुशायरे का आयोजन किया गया जिसके कन्वीनर उस्ताद शायर जमशेद माहिर रहे। मुशायरे में अपनी ग़ज़ल पढ़ते हुए शहर के बेख़ौफ़ शायर ने पढ़ा कि वो चुराकर ले गया,सारे दीये घर के मेरे। बेखबर को क्या खबर सूरज मेरा हो जाएगा।। जमशेद माहिर ने कुछ यूं पढ़ा कि मल्लाह नहीं कोई जब अपने सफीने का। क्यों हाथों को तुम अपने पतवार नहीं करते ।। तो वहीं वसीम जहांगीराबादी ने कुछ यूं पढ़ा कि रोज़ ग़म ज़ब्त के धागों को कतर देता है रोज़ चेहरे को तबस्सुम से रफू करते हैं! जहीर राही के अंदाज ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया उन्होंने पढ़ा कि सुर्ख़रू न जाने क्यूं ख़्वाहिशें नहीं होतीं बदलियां तो उठती हैं बारिशें नहीं होतीं। तो वहीं इरशाद बेताब ने पढ़ा कि जाने कितने चेहरे बेताब देखे हैं मैने। बिन पढ़ी किताबों के बाब देखे हैं मैने । मुशायरे में शायर रहबर लखनवी,अल्वी देहलवी,सलीम आजम व मुकेश मुंतजिर व सविता शर्मा आदि ने खूब वाहवाही बटोरी।

# हापुड़ में सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन, उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो




हापुड़। हापुड़ में सड़क सुरक्षा को लेकर चलाए गए अभियान सड़क सुरक्षा पखवाड़े का समापन नगर पालिका परिसर में आयोजित समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर परिवहन विभाग, पुलिस प्रशासन, शिक्षाधिकारी और समाजसेवी संगठनों के सदस्यों ने भाग लिया। समारोह के दौरान सड़क सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने में योगदान देने वाले विभिन्न व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। समापन कार्यक्रम में एआरटीओ प्रशासन छवि सिंह ने सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ट्रैफिक नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क पर यातायात नियमों की अनदेखी दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनती है, जिसे जागरूकता और सतर्कता के माध्यम से कम किया जा सकता है। उन्होंने सभी लोगों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करें और छोटी सावधानियों को नजरअंदाज न करें, क्योंकि यह न केवल उनकी बल्कि अन्य लोगों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। यातायात नियमों की अनदेखी बनती है दुर्घटनाओं का कारण कार्यक्रम में एबीएसए योगेश गुप्ता ने कहा कि सड़क पर होने वाली अधिकांश दुर्घटनाएं लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण होती हैं। उन्होंने वाहन चालकों को सतर्क रहने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी। वहीं, एडीआईओएस डॉ. जया मिश्रा ने सड़क पर सुरक्षा बनाए रखने के लिए आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वाहन चलाते समय सभी को अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। इसके अलावा, तेज गति से वाहन न चलाने, किसी भी तरह के खतरनाक स्टंट से बचने और ट्रैफिक संकेतकों का पालन करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह समाज की सामूहिक जिम्मेदारी भी है। बच्चे बन सकते हैं बदलाव के वाहक एआरटीओ प्रवर्तन रमेश चौबे और पीटीओ आशुतोष उपाध्याय ने इस अवसर पर विशेष रूप से बच्चों की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में नई चेतना और जागरूकता फैलाने में स्कूली बच्चे बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बच्चे अपने परिवार, पड़ोस और रिश्तेदारों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपने घरों में माता-पिता और अन्य परिजनों को हेलमेट पहनने और बाइक पर दो से अधिक सवारी न करने की सलाह दें। उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित समारोह के दौरान सड़क सुरक्षा अभियान में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया गया। शिवा प्राथमिक पाठशाला की प्रधानाध्यापिका डॉ. सुमन अग्रवाल, समाजसेवी दानिश कुरैशी, एनसीसी के छात्र-छात्राओं सहित ट्रैफिक और पुलिस विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को सड़क सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि सड़क सुरक्षा केवल नियमों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि इसे हर नागरिक की आदत में शामिल करना आवश्यक है। कार्यक्रम का समापन इस संकल्प के साथ हुआ कि जिले में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संख्या को न्यूनतम किया जा सके और लोगों की जान बचाई जा सके।

# चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में शिक्षा व हिंदी भाषा के उत्थान पर दिया गया जोर







उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) तगासराय स्थित चौधरी ताराचंद जनता इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में जेडीयू के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव व पूर्व सांसद केसी त्यागी मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे। उन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समाज में सभी छात्रों को समान शिक्षा का अधिकार मिलना चाहिए। गरीब और अमीर के बच्चों को एक साथ बैठकर समान अवसरों के साथ पढ़ाई करने का माहौल मिलना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर स्वर्गीय चौधरी चंद्रमणि त्यागी के प्रयासों की सराहना की और कहा कि उन्होंने अपने सपने को साकार करने के लिए इस विद्यालय की स्थापना की, जिसका लाभ आज हजारों छात्रों को मिल रहा है। कार्यक्रम में बोलते हुए केसी त्यागी ने हिंदी भाषा के उत्थान की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि हिंदी और प्रांतीय भाषाओं को लेकर जो विवाद खड़ा किया जाता है, वह अब समाप्त होना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका राजनीति में पहला कदम हिंदी भाषा के माध्यम से ही था, और भी वे इसके प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित हैं। उन्होंने छात्रों से भी अपील की कि वे अपनी मातृभाषा के महत्व को समझें और इसके विकास के लिए प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक सत्यवीर त्यागी ने कहा कि विद्यालय का प्रबंधक तंत्र चौधरी चंद्रमणि त्यागी के सपनों को साकार करने में पूरी निष्ठा से कार्य कर रहा है। उन्होंने विद्यालय की प्रगति और छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यमंत्री संजीव गोयल सिक्का ने भी चौधरी चंद्रमणि त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रयासों को नमन किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने छात्रों से सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लेने को कहा। उन्होंने छात्रों को मेहनत और अनुशासन के महत्व को समझाया और कहा कि सफलता पाने के लिए सही दिशा में प्रयास करना आवश्यक है। विद्यालय के अध्यक्ष एवं पार्षद रुद्राक्षमुनि त्यागी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि गरीब छात्रों को बेहतर शिक्षा देने के लिए विद्यालय में विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि अब विद्यालय में कांवेंट स्कूलों की तरह आधुनिक सुविधाएं भी उपलब्ध हैं, जिससे छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा मिल सके। प्रबंधक राजपाल त्यागी ने दसवीं और बारहवीं कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को घड़ी देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, अन्य छात्रों को भी उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित अतिथियों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विभिन्न गणमान्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान नवरत्न त्यागी, शशांक मुनि त्यागी, डॉ. निरंजन सिंह त्यागी, घनश्याम त्यागी सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुकुल त्यागी ने किया और इस दौरान डीआईओएस डॉ. विनीता ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विजय त्यागी, संजीव त्यागी, विपिन त्यागी, रामपाल त्यागी, संजय चौधरी, सोनू त्यागी, डॉ. सुदर्शन त्यागी, मोनू त्यागी, मुकेश त्यागी (राष्ट्रीय सैनिक संस्था), अमित त्यागी, गौरव त्यागी, राकेश त्यागी, राज नारायण सिंह त्यागी, गिरजेश दत्त शर्मा, चंद्रकांत, प्रशांत त्यागी, पवन भास्कर, शशांक गुप्ता, सतीश त्यागी, राज नारायण त्यागी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हज़ारो की संख्या में गांव वझीलपुर में पहुंचे श्रद्धालु





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) राष्ट्रीय सैनिक संस्था के जिला अध्यक्ष ग्राम वझीलपुर के निवासी व ग्राम प्रधान राजू सैनी ने बताया कि इस बार बूढे बाबू की दौज के मेले में दूसरे प्रदेशों से भी हजारों की संख्या श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा श्रद्धालुओं ने तालाब में मिट्टी निकाल कर पूजा अर्चना कर ग़रीबों को दान कर तालाब की मिट्टी को शरीर के उस अंग पर जहां दाद, खाज, खुजली हो वहाँ पर मिट्टी लागाई और मेले में लोगों ने मिट्टी के बर्तनों,बच्चों के लिए खिलोनों की जम कर खरीदारी की व खूब चाट खोमचे मिठाइयों की दुकानों पर खाकर जायका लिया बच्चों ने मेले में विभिन्न प्रकार के छूलो पर छूलकर पूरा आनंद लिया ज्ञानेंद्र त्यागी व ग्राम प्रधान राजू सैनी ने मेले में उप स्वास्थ्य केंद्र अधिकारी राधेश्याम यादव व पुलिस प्रशासन के मुस्सदी से सहयोग करने की सरहाना की

# डॉ एम.के.ओटानी को मिला बौद्ध संवर्धन सम्मान



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ।( पुष्पेन्द्र कुमार) मेरठ रोड स्थित बुद्ध लोक में निवास कर रहे बौद्ध भिक्षु डॉक्टर एल.अश्वघोश के पुत्र डा.एम.के.ओटानी जो को समाजसेवी व सांस्कृतिक संरक्षण के प्रति समर्पित डॉ. एम.के. ओटानी को बौद्ध संस्कृति संवर्धन सम्मान से सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस पर राज्यसभा मे भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने खेल और युवा मामलों में मंत्री गिरीश चंद्र यादव एवं प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति मुकेश मेश्राम की उपस्थिति में सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. ओटानी जी को 51 हजार की राशि का चैक भी भेंट किया गया। डॉ. ओटानी को ये सम्मान बौद्ध धर्म के प्रचार प्रसार के लिए दिया गया, डॉ. ओटानी ने उत्तर प्रदेश की राज्यपाल, मंत्रीगण व प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान मेरे लिए गौरव की बात है,आज केवल भारत को ही नहीं बल्कि पूरे विश्व को बुद्ध की जरूरत है। इस सम्मान की खबर सुनकर शहर के बेख़ौफ़ शायर डा.नरेश सागर, राजकुमार जौहरी, सोहनलाल तेजियान, देव कुमार,डा.राजेश कुमार,मा.महेद्र, सुनील सरकार, चेतन कुमार आदि ने बुद्ध लोक जाकर बौद्ध डा.ओटानी के पिता बौद्ध भिक्षु डा.एल अश्वघोष जी को बधाई दी।

# एहसास...जीत का मानवीय मूल्यों का एहसास -डॉ. रंजीत माथुर



डॉ. रंजीत माथुर,
असिस्टेंट प्रोफेसर,हिन्दी विभाग,
धर्म समाज महाविद्यालय, अलीगढ़।






डॉ. जितेन्द्र कुमार 'जीत'
सहायक आचार्य एवं कवि
हापुड़/अलीगढ़

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। ( पुष्पेन्द्र कुमार) एहसास... जीत का काव्य संग्रह वर्ष - 2024 में प्रकाशित मिश्रित शैली का काव्य संकलन है। इसके रचनाकार डॉ. जितेंद्र कुमार जीत , यथार्थ और दर्शन के कवि होने के साथ- साथ अध्येता और सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। इस काव्य संग्रह में एक युवा कवि की आत्मिक अनुभूति, क्रांतिकारी विचारधारा, अध्येता का अनुभव, सामाजिक कार्यकर्ता होने के कारण जमीन से जुड़े अनुभव और हाशिये के समुदायों के प्रति होने वाले भेदभाव पर पैनी दृष्टि दिखाई पड़ती है । ईश्वर की खोज कविता, काव्य संग्रह की प्रथम कविता है जिसमें ईश्वर की सर्वव्यापकता ,मानवीय मूल्यों , धार्मिक सहिष्णुता, धार्मिक विश्वास तथा ईश्वर कण - कण में व्याप्त है, की भावना परिलक्षित होती है। काव्य संग्रह की अन्य कविताएं बचपन के दिन, जीवन संघर्ष, वफ़ा, मोती( मेरा पालतू ) खुद्दारी, मेरा युद्ध, स्वप्न, जिंदगी, कविताओं में कवि की निजी अनुभूति की प्रतीति दिखाई पड़ती है, परंतु अंततः वह अनुभूति आम जनमानस के जीवन-अनुभवों से आसानी से जुड़ जाती है। कविता जाति और आरक्षण सामाजिक व्यवस्था के ज्वलंत मुद्दों का समाधान प्रदान करती हुई एक रचना है जो पाठकों को सामाजिक ताने बाने को समझने के लिए नई दृष्टि और विचार विमर्श के लिए एक धरातल प्रदान करती हैं। मोती , वफ़ा और स्वप्न और बचपन के दिन कविताओं में बचपन की अठखेलियां, स्वच्छंद वातावरण, मिले जुले व्यवहार और अल्हड़पन, भाई- बहन की लड़ाई एवं प्रेम की मीठी - मीठी फुहारें पाठकों के हृदय को आह्लादित कर देती हैं। कवि का जीवन संघर्षमय रहा है और इन्हीं संघर्षों के अनुभव को कवि ने अपने काव्य संग्रह एहसास... जीत का में अत्यंत सहज, सरल और प्रभावपूर्ण शब्दों में नि:संकोच प्रस्तुत किया है । अन्य कविताओं जैसे - जीवन दर्शन, प्रेरणा ,साहस ,तुम युवा हो देश के, गुरु कौन, होली ऐसी हो हिंदी, आदि कविताएं नई पीढ़ी को सहज ही प्रेरणा और सही दिशा प्रदान करने वाली रचनाएं है। संकलन में शहीदों के नाम, आजादी का तराना आदि में देशभक्ति से परिपूर्ण कविताएं संकलित हैं जो कि तुम युवा हो, तथा होली ऐसी हो के साथ मिलकर कवि की देश- प्रेम की भावना,जीवन मूल्यों, नैतिक मूल्यों और भविष्य का भारत कैसा होना चाहिए ? विषय पर प्रकाश डालती है । एहसास जीत का काव्य संग्रह केवल जीत का ही एहसास न होकर हर उस इंसान का एहसास बन जाता है जो संघर्षशील, कर्तव्यनिष्ठ, समानता और मानव मूल्यों में विश्वास रखता है और नए भारत के निर्माण में अपनी आहुति देने की आकांक्षा रखता है।

# एनडीए परीक्षा में 474वी रैंक हासिल कर पिलखुवा का नाम रोशन किया, प्रशिक्षण के लिए ग्रामवासियों ने हवाई अड्डा रवाना करने से पहले ही पुष्प वर्षा की









उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। (पुष्पेन्द्र कुमार) पिलखुवा पिलखुवा के समीप वर्ती गांव मुकीमपुर गढ़ी के 18 वर्षीय रोहन रावत ने एनडीए परीक्षा पास कर 474वी रैंक हासिल कर अपने गांव के साथ ही अपने कस्बे का भी नाम रोशन किया है। एनडीए में परीक्षा पास करने के बाद गांव में खुशी का माहौल है गांव वासियों ने पुष्प वर्षा कर रोहन रावत हवाई अड्डे के लिए रवाना किया। रोहन रावत के एक वकील है तथा उनकी माता की ग्रहणी है। रोहन रावत ने डीपीएस वर्ल्ड पब्लिक स्कूल से अपनी स्कूल प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की है। रोहन ने कई बार एनडीए की परीक्षा दी मगर परीक्षा में पास ना होने के कारण अपना हौसला कभी काम नहीं किया और निरंतर ही अपनी परीक्षा की तैयारी करते रहे। वही रोहन रावत के माता-पिता का कहना है कि हमारा बेटा पढ़ाई में हमेशा पढ़ने में लगा रहता था और आज उसकी मेहनत का परिणाम मिला है जो उसने एनडीए की परीक्षा पास कर 474 वी रैंक हासिल कर अपने गांव के साथ कस्बे का भी नाम रोशन किया है।

# वार्ड 8 में 32 लाख 44 हजार रुपए की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्यों का पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने किया शिलान्यास





उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ ।( पुष्पेन्द्र कुमार) हापुड़ नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में 32 लाख 44 हजार रुपए की लागत से होने वाले सड़क निर्माण कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने गढ़ चुंगी से लेकर मीनाक्षी होल को जाने वाले रास्ते पर सड़क निर्माण कार्यों का नारियल फोड़ते हुए शिलान्यास कर लोगों को राहत देने का काम किया गया इस दौरान उपस्थित लोगों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। जहां उससे पहले वार्ड नंबर 8 की सभासद सीमा पत्नी राकेश कुमार ने वार्ड वासियों के साथ मिलकर नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी का ढोल नगाड़ों के साथ महिलाओं ने फूलमाला पहनकर जोरदार स्वागत किया। जहां नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने वार्ड नंबर 8 के साथ साथ वार्ड नंबर 6 हर्ष विहार, वार्ड नंबर 1 के आदर्शनगर कॉलोनी व वार्ड नंबर 33 मोती कॉलोनी में विभिन्न नाली एवं इंटरलॉकिंग निर्माण कार्यों का भी शिलान्यास किया गया और पालिका अध्यक्ष पुष्पा देवी ने जनता से कहा कि चुनाव के समय हापुड़ नगर के विकास को लेकर जो वादे किए थे। उन्हें अमल में लाकर पूरा किया जाएगा तथा किसी व्यक्ति को नगर पालिका कार्य संबंधी शिकायत है तो वह मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं उनकी शिकायतों का जल्द ही समाधान करने का प्रयास किया जाएगा। शिलान्यास के दौरान वार्ड नंबर 8 से सभासद सीमा पत्नी राकेश,चैयरमेन पति श्रीपाल ठेकेदार, अखिलेश कुमार, धर्म स्टूडियो वाले,अभिषेक वर्मा, नगर पालिका कर्मचारी एवं समस्त वार्ड के महिलाएं व पुरुष उपस्थित रही है।

## मान्सिक स्वास्थय शिविर आयोजित




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

देवबंद। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मान्सिक स्वास्थय शिविर का आयोजन हुआ। शिविर मे मान्सिक रोग के लक्षण तथा बचाव के बारे मे बताया गया। इस अवसर पर जिला मान्सिक रोग विशेषज्ञ डा0 ख्वाजा खय्याम ने कहा कि मान्सिक रोग का समय पर इलाज कराना अति आवश्यक है। उन्होने कहां कि मान्सिक रोग की जानकारी होते ही विशेषज्ञ से मिले और इसका इलाज कराये। जिला नोडल अधिकारी डा0 शिवांका गौड ने कहां कि किसी भी प्रकार की मान्सिक परेशानी होने पर स्थानीय चिकित्सालय मे सम्पर्क करें। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष विपिन गर्ग, भाजपा नगर अध्यक्ष अरुण गुप्ता, चिकित्सा अधीक्षक डॉ रियंका, डाक्टर संजीव कुमार, डाक्टर आशुतोष सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## नसबंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आशा और एएनएम सम्मानित






उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। पहासू ब्लॉक क्षेत्र में महिला नसबंदी अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आशा, आशा संगनी और एएनएम को प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2024-25 में क्षेत्र में आशा और एएनएम के सहयोग से करीब 225 महिलाओं की नसबंदी कराई गई है। इस सराहनीय कार्य के लिए आशा कार्यकर्ता धर्मवती (सालाबाद), पुष्पा देवी (नगला रुंद), संगनी समीना (सालाबाद), संगनी अंजू (बरकातपुर), एएनएम हेमलता और एएनएम सीमा को सम्मानित किया गया। डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि महिला नसबंदी कार्यक्रम में उत्कृष्ट योगदान देने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को यह सम्मान प्रदान किया गया है। ब्लॉक क्षेत्र में अब तक 10 पुरुषों की भी नसबंदी कराई जा चुकी है। इस अवसर पर डॉ. अश्वनी, डॉ. वीर प्रताप, डॉ. नवीन कुमार, अनिल कुमार, बीना देवी, गजेंद्र बाबू और मोहन लाल सहित कई अधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

## ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत खाद्य मिलावट करने वाले आरोपी को 3 वर्ष की सजा और 25 हजार रुपये का जुर्माना

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस ने खाद्य पदार्थ में मिलावट करने वाले आरोपी को न्याय दिलवाया है। अभियुक्त तेजवीर पुत्र पूसा सिंह, निवासी भवन रोड देवीपुरा प्रथम, जो कि एक खाद्य पदार्थ की दुकान चलाता था, ने वर्ष 2010 में अपनी दुकान में मिलावट की थी। इस घटना के संबंध में थाना कोतवाली नगर पर 14 जनवरी 2010 को मुअसं-37/10 के तहत धारा 272, 273 भादवि और 7/16 खाद्य अपमिश्रण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। दिनांक 18 जनवरी 2010 को पुलिस ने आरोप पत्र प्रस्तुत किया, और इस मामले को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए गए ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिन्हित किया गया। बुलंदशहर मॉनीटरिंग सैल द्वारा मामले की प्रभावी पैरवी की गई, जिसमें 06 गवाहों का परीक्षण हुआ। न्यायाधीश श्री मंजीत सिंह श्योराज (मा0 न्यायालय जिला एवं सत्र जनपद बुलंदशहर) ने दोषी पाये जाने पर अभियुक्त तेजवीर को 03 वर्ष का कारावास और 25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। इस सफलता में अभियोजन पक्ष के वकील श्री सुरेन्द्र सिंह चौहन, श्री मनुराज सिंह और श्री अरूण कुमार का योगदान सराहनीय रहा। यह सजा बुलंदशहर पुलिस की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है, जो खाद्य मिलावट जैसे अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है।

## बुलन्दशहर पुलिस को बड़ी सफलता, मिलावटखोरों को 3-3 साल की सजा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलन्दशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत खाद्य पदार्थों में मिलावट करने वाले दो आरोपियों को न्याय दिलवाने में सफलता प्राप्त की। आरोपियों को 3-3 साल की कारावास और 25-25 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। विवरण के अनुसार, आरोपी शिव कुमार गुप्ता और राकेश कुमार गुप्ता ने वर्ष 2010 में अपनी खाद्य पदार्थ की दुकान में मिलावट की थी। इस संदर्भ में थाना कोतवाली नगर पर 14 जनवरी 2010 को मुकदमा पंजीकृत किया गया था और पुलिस ने 18 जनवरी 2010 को आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। बुलन्दशहर पुलिस द्वारा अभियोग को ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत चिन्हित किया गया और प्रभावी पैरवी के लिए मॉनीटरिंग सैल ने न्यायालय में सशक्त पैरवी की। कुल छह गवाहों के बयान के आधार पर न्यायाधीश श्री मंजीत सिंह श्योराज ने आज (31 जनवरी 2025) दोष सिद्ध पाए जाने पर दोनों आरोपियों को सजा सुनाई।इस कार्यवाही में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री सुरेन्द्र सिंह चौहन, श्री मनुराज सिंह और श्री अरूण कुमार का योगदान सराहनीय रहा। इस महत्वपूर्ण सफलता से बुलन्दशहर पुलिस ने खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ अपनी कड़ी कार्रवाई का परिचय दिया है।

## घर में लगा वाई-फाई का आउटडोर राउटर चोरी

नोएडा । थाना सेक्टर-63 में एक व्यक्ति ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बदमाशों ने उनके घर से जियो वाई-फाई का आउटडोर राउटर चोरी कर लिया है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि बीती रात को सुमन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 जनवरी को उन्होंने अपने घर पर जिओ वाईफाई लगवाया। वहां से अज्ञात बदमाशों ने उनका आउटडोर राउटर चोरी कर लिया है। पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जिला ग्रामोद्योग कार्यालय द्वारा एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन







उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। आज, 31 जनवरी 2025 को जिला ग्रामोद्योग कार्यालय बुलंदशहर द्वारा ग्राम मैना मौजपुर, खुर्जा जंक्शन विकास खंड एवं तहसील खुर्जा में एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में खादी ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। साथ ही, पंजाब नेशनल बैंक खुर्जा जंक्शन, बैंक ऑफ बरोदा खुर्जा जंक्शन, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया खुर्जा जंक्शन और पंजाब एंड सिंध बैंक खुर्जा के शाखा प्रबंधक भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्राम प्रधान मैना मौजपुर, खुर्जा, सामाजिक कार्यकर्ता और जिला ग्रामोद्योग कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी इस महत्वपूर्ण आयोजन में उपस्थित थे। इस अवसर पर ग्रामीणों को खादी ग्रामोद्योग की योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के तरीके समझाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में खादी ग्रामोद्योग के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ स्थानीय लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना था।

## माकपा प्रत्याशी जगदीश चंद्र के समर्थन में माकपा नेता पूर्व सांसद हनान मौला ने खड्डा कॉलोनी में जनसभा को किया संबोधित- गंगेश्वर दत्त शर्मा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




नई दिल्ली। आज बदरपुर नई दिल्ली विधानसभा से कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के उम्मीदवार जगदीश चंद्र शर्मा के समर्थन में खड्डा कॉलोनी में आयोजित जनसभा को सीपीआई(एम) व किसान सभा के राष्ट्रीय नेता पूर्व सांसद कामरेड हनान मौला ने संबोधित करते हुए कहा कि बदरपुर की जनता महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल शिक्षा- स्वास्थ्य की समस्या से जूझ रही है!
लेकिन सरकार सिर्फ चंद पूंजीपतियों की जेब भरने में लगी हुई है यह सरकार आम आदमी की नहीं सेठों की सरकार बन गई है। साथ ही उन्होंने आने वाली 5 फरवरी को हंसिया, हथोड़ा, सितारा चुनाव चिन्ह बैलेंट नंबर दो पर वोट देकर जगदीश चंद्र शर्मा को विजई बनाने की अपील किया। सभा को संबोधित करते हुए सीपीआई(एम) दिल्ली राज्य कमेटी की नेता कविता शर्मा व आशा शर्मा ने पार्टी प्रत्याशी द्वारा क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए किए गए प्रयासों को रखते हुए जगदीश चंद्र को विजई बनाने की अपील किया।
सभा में माकपा नेता गंगेश्वर दत्त शर्मा, सुब़ीर बनर्जी, सफीक, आनंद, सोनिया वर्मा, रियाजुद्दीन, शैतान सिंह, राम सागर, रीना, राम स्वारथ, सुनंद पीवी अनियन, पंकज वशिष्ठ, आदि मौजूद रहे।

## आईजीआरएस पोर्टल पर गलत रिपोर्ट और एकपक्षीय जांच की शिकायत, प्रार्थी ने सुरक्षा और उचित कार्रवाई की अपील की



उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत के बाद एक प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि जांच के दौरान अधिकारियों ने एकपक्षीय तरीके से कार्यवाही की और गलत तथ्यों के आधार पर रिपोर्ट तैयार की। प्रार्थी ने अपील की है कि मामले की सही तरीके से जांच हो और गलत कार्यवाही करने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। प्रार्थी ने बताया कि वह एक शांति प्रिय व्यक्ति है और शुगर तथा बीपी जैसी बीमारियों से पीड़ित है। उनकी संपत्ति ब्रह्मपुत्र कॉम्प्लेक्स में स्थित एक प्लॉट पर है, जिसका वह कानूनी रूप से मालिक हैं। उन्होंने इस प्लॉट की तारबंदी कर रखी थी, जिसे तोड़ने और कब्जा करने की कोशिश की जा रही थी। इसके विरोध में उन्होंने 16 जनवरी 2025 को थाना कोतवाली नगर बुलंदशहर में एक मामला दर्ज कराया था। प्रार्थी का कहना है कि मोहित अग्रवाल, जो एक भू-माफिया है, पहले भी उनकी संपत्ति पर कब्जा करने की कोशिश कर चुका है। उसने आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की थी, जिसमें उसने प्रार्थी की संपत्ति को पार्किंग स्थल बताया था। हालांकि, जांच के बाद अवर अभियंता धर्मेश सिंह और सहायक अभियंता देवेंद्र सिंह ने रिपोर्ट में मोहित अग्रवाल के आरोपों को गलत पाया था। इसके बावजूद, मोहित अग्रवाल ने फिर से 29 दिसंबर 2024 को आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत की, और इस बार अवर अभियंता पंकज जैन और सहायक अभियंता देवेंद्र सिंह ने उसकी एकपक्षीय जांच की।
प्रार्थी का आरोप है कि इन अधिकारियों ने न तो उनसे संपर्क किया और न ही उनके दस्तावेजों की जांच की। इसके बजाय, उन्होंने बिना सही तथ्यों के आधार पर एक अस्थाई चारदीवारी हटवाने का नोटिस जारी कर दिया, जो प्रार्थी के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस गलत कार्यवाही को पोर्टल से हटाकर सही जानकारी दर्ज की जाए और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही, प्रार्थी ने भू-माफिया मोहित अग्रवाल के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की अपील की है और अपनी सुरक्षा की मांग की है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस




बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति की अध्यक्षता में 50 लाख रुपये से अधिक लागत की निर्माण परियोजनाओं की प्रगति पर एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 96 निर्माण कार्यों की स्थिति का विस्तृत रूप से मूल्यांकन किया गया। जिलाधिकारी ने जानकारी दी कि इनमें से 42 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं, जबकि 20 परियोजनाएं विलंबित हैं जो दिसंबर 2024 तक पूरी होनी थीं। शेष परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत चल रही हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि विलंबित निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा कर संबंधित विभागों को हस्तांतरित किया जाए। निर्माण कार्यों के गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों की सही गुणवत्ता और समय पर पूरा होने के लिए थर्ड पार्टी सर्वेक्षण सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा, जिला स्तर पर भी निर्माण कार्यों की समय-समय पर जांच करवाई जाए और जांच में पाई गई कमियों को दूर किया जाए। जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने यह भी निर्देश दिया कि जो निर्माण कार्य जल्द पूरा होने वाले हैं, उनका फिनिशिंग कार्य पूरा कर शीघ्र विभाग को सौंपा जाए। साथ ही, संबंधित विभागों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि निर्माण कार्यों को हस्तांतरित करने से पहले यह देखा जाए कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार किए गए हैं या नहीं। कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि फरवरी 2025 तक सात परियोजनाओं को पूरा कर विभागों को हैंडओवर कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस दौरान सभी निर्माण परियोजनाओं के लिए माहवार लक्ष्य निर्धारित करने का सुझाव दिया, ताकि सभी कार्य समय पर पूर्ण हो सकें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री कुलदीप मीना और संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन समारोह आयोजित




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर (हितेश शर्मा)। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन समारोह का आयोजन रोडवेज बस स्टैण्ड, बुलन्दशहर में किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक 01.01.2025 से 31.01.2025 तक शासन के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व अन्य सम्बन्धित विभागों के द्वारा आयोजित किया गया। समारोह में यातायात निरीक्षक, बुलन्दशहर, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), यात्रीकर अधिकारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, सिकन्द्राबाद/खुर्जा डिपो एवं अन्य विभागों के विभागाध्यक्षों ने हिस्सा लिया। लगभग 150 व्यक्तियों ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में ए0आर0टी0ओ0 (प्रवर्तन) श्री राजीव बंसल ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के महत्व के बारे में जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने चालकों और जन सामान्य से सड़क सुरक्षा के नियमों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। यातायात निरीक्षक और सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक ने भी सभी उपस्थित व्यक्तियों को चेतावनी दी कि शराब पीकर या थकान की अवस्था में वाहन न चलाएं और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें। कार्यक्रम के अंत में, सभी उपस्थित व्यक्तियों को सड़क सुरक्षा पर एक शपथ दिलाई गई, जिसके बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर सड़क सुरक्षा पम्पलेट भी वितरित किए गए।

## जहाँगीरपुर कस्बे में केनरा बैंक की नई शाखा का शुभारंभ




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा/जहाँगीरपुर (हितेश शर्मा) । शुक्रवार को नोएडा के जहाँगीरपुर कस्बे में खुर्जा जेवर रोड पर स्थित बालाजी मंदिर के सामने केनरा बैंक की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय कार्यालय नोएडा के अंचल प्रमुख राजेश कुमार सिंह और उपजिलाधिकारी जेवर अभय कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर शाखा का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभकामनाएं दीं। राजेश कुमार सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केनरा बैंक के विभिन्न उत्पादों जैसे खुदरा बैंकिंग, कृषि योजनाओं, और अन्य सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उपजिलाधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि जहाँगीरपुर क्षेत्र के निवासियों द्वारा लंबे समय से यहां एक बैंक शाखा की मांग की जा रही थी, जो आज पूरी हुई है।
उन्होंने कहा कि नई शाखा खुलने से क्षेत्रवासियों को बड़ी सुविधा होगी और आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी। ज्ञात हो कि जहाँगीरपुर कस्बे में पहले केवल पंजाब नेशनल बैंक की शाखा थी।
इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुख अतुल राजन, सहायक महा प्रबंधक शशि शेखर, मंडल प्रबंधक सुजीत कुमार, शाखा प्रभारी और वरिष्ठ प्रबंधक सहित कई स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।


## भारतीय किसान संघ ने खानपुर थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह का किया स्वागत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



खानपुर (हितेश शर्मा)। भारतीय किसान संघ आरएसएस के जिला सह मंत्री चौधरी वीरेंद्र सिंह गुर्जर के नेतृत्व में आज खानपुर थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह का स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारतीय किसान संघ के साथियों ने थाना प्रभारी को खाटू श्याम बाबा की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया और उनकी नई जिम्मेदारी के लिए बधाई दी। स्वागत समारोह में वीरेंद्र सिंह गुर्जर, समाजसेवी अनुज शर्मा, धर्मेंद्र सैनी, मुकेश लोधी, सुबोध कसाना, प्रधान जी रवि, सत्य नेता जी, गजराज ठाकुर, भारतीय किसान संघ के उपाध्यक्ष कालीचरण सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों ने थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह को उनके नए पद पर बधाई दी और उनकी कार्यप्रणाली की सराहना की। धर्मेंद्र सिंह ने सभी का धन्यवाद करते हुए यह विश्वास जताया कि वह क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।

## बुलन्दशहर पुलिस का बड़ा कदम, नशीले पदार्थों का विनिष्टीकरण




उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। आज, 31 जनवरी 2025 को, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री श्लोक कुमार के निर्देशन में जनपद बुलन्दशहर में कुल 68 नशे के पदार्थों से संबंधित अभियोगों में जब्त की गई सामग्री का जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा विनिष्टीकरण किया गया। सिकन्द्राबाद स्थित राइस मिल में आयोजित इस कार्यक्रम में जब्त किए गए नशीले पदार्थों में 13.403 किग्रा गांजा, 105.600 किग्रा डोडा, 5.020 किग्रा नशीला पाउडर, 775 ग्राम चरस, 57 ग्राम स्मैक और 20 ग्राम सुलफा शामिल थे। कुल मिलाकर, 124.875 किग्रा नशीला पदार्थ नष्ट किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर, श्री शंकर प्रसाद मय टीम उपस्थित रहे। यह कार्रवाई जनपद में नशे के खिलाफ पुलिस की लगातार जारी कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# ज्वाइंट वेन्चर के विरोध में प्रदर्शन का शतक - आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने थर्मल चौराहा घेरा





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

कोटा 31 जनवरी 2025, विद्युत उत्पादन में अग्रणी राजस्थान के थर्मल प्लाटों को सरकार द्वारा हठधर्मिता से ज्वाइंट वेंचर रूपी निजीकरण करने के विरोध में गठित राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम अभियंता कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के कार्मिक लगातार सौ दिन से थर्मल गेट पर एक घंटा कार्यबहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं आंदोलन के सौ दिन पूरे हो जाने के बावजूद सरकार कार्मिकों की सुध नहीं ले रही हे संयुक्त संघर्ष समिति के प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता एवं प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र कश्यप ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी राजस्थान के विद्युत गृह नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं, विगत सप्ताह मुख्य अभियंता श्री के एल मीणा के निर्देशन और अभियंता कर्मचारियों की सूझबूझ से कोटा थर्मल की चौथी इकाई को निर्बाध लगातार 100 दिन चलाकर रिकॉर्ड उत्पादन किया गया वहीं दूसरी ओर छबड़ा थर्मल ने मुख्य अभियंता श्रीमती संगीता श्रृंगी के मार्गदर्शन में उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं सर्वश्रेष्ठ संचालित विद्युत उत्पादन स्टेशन पुरस्कार प्राप्त किया। कश्यप ने कहा कि ऐसे शानदार सरकारी स्वामित्व वाले पॉवर प्लांट को सरकार द्वारा ज्वाइंट वेंचर रूपी निजीकरण करके विद्युत उत्पादन के अभियंताओं, कर्मचारियों एवं राजस्थान की जनता के साथ कुठाराघात किया जा रहा है जिसका थर्मल कर्मी राजस्थान के सभी प्लांटो में विगत 100 दिनों से एक घंटा कार्य बहिष्कार कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदेश संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि विगत 20 दिसंबर 2024 को राजस्थान विद्युत उत्पादन वितरण एवं प्रसारण निगम के कर्मचारियों ने दो प्रमुख मांगों विद्युत में विभिन्न नामों से किए जा रहे निजीकरण पर रोक एवं विद्युत विभाग में राज्य कर्मियों के समान ओल्ड पेंशन योजना लागू करने को लेकर मुख्यालय पर एक दिवसीय आक्रोश प्रदर्शन किया था। इसके बाद राजस्थान के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री आलोक ने ऑन द स्पॉट विद्युत विभाग में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने की घोषणा की तथा प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया था की जनवरी के दूसरे सप्ताह में कर्मचारी संगठनों के साथ वार्ता की जाएगी लेकिन कर्मचारियों के साथ विश्वास घात किया गया और आज तक उन्हें वार्ता पर आमंत्रित नहीं किया गया तथा कर्मचारियों के साथ वादा खिलाफी कर छबड़ा थर्मल को ज्वाइंट वेंचर में चलाने के लिए कागजी कार्रवाई को अंतिम रूप दे दिया गया
गुप्ता ने कहा यदि संघर्ष समिति को शीघ्र वार्ता पर आमंत्रित नहीं किया गया तो राजस्थान के समस्त पावर प्लांट में आंदोलन को उग्र किया जाएगा।

# हापुड़ में ऑपरेशन क्लीन के तहत 1.35 करोड़ के मादक पदार्थ नष्ट





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । जनपद हापुड़ में ऑपरेशन क्लीन अभियान के अंतर्गत माल मुकदमाती (अवैध मादक पदार्थ) के निस्तारण/डिस्पोजल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश के अनुपालन में गठित जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के निर्देशानुसार विभिन्न थानों पर पंजीकृत 27 एनडीपीएस एक्ट के अभियोगों में जब्त मादक पदार्थों का विनिष्टीकरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय की उपस्थिति में थाना पिलखुवा क्षेत्रान्तर्गत मैसर्स मेडीकेयर इन्वायरमेन्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड में इंसीनरेटर के माध्यम से नष्ट किए गए मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग 1.35 करोड़ रुपये आंकी गई। नष्ट किए गए मादक पदार्थों का विवरण । गांजा- 111.605 किलोग्राम डोडा पोस्त- 9.600 किलोग्राम चरस- 750 ग्राम स्मैक- 160 ग्राम इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित करना और नशे के अवैध व्यापार को जड़ से खत्म करना है। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियानों को जारी रखा जाएगा ताकि समाज को नशे के दुष्प्रभावों से मुक्त किया जा सके।

# थाना खुर्जा नगर पुलिस की सफलता- 13,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी वापस दिलवाए गए

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। 23 जनवरी 2025 को श्री भानू प्रताप सिंह, निवासी मुरारी नगर, थाना खुर्जा नगर, ने 1930 पर कॉल करके शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनके खाते से यूपीआई के माध्यम से कुल 13,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई थी। थाना खुर्जा नगर की साइबर हैल्प डेस्क ने मामले की गहरी जांच की और अथक प्रयासों के बाद श्री भानू प्रताप सिंह के 13,000 रुपये उनके बैंक खाते में वापस कर दिए। श्री सिंह ने थाना खुर्जा नगर पुलिस की इस सफलता की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की है और चेतावनी दी है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, या सीवीवी नंबर साझा न करें। अगर किसी के खाते से धोखाधड़ी होती है, तो तुरंत 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई है। इस कार्यवाही में थाना खुर्जा नगर की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें प्रभारी निरीक्षक श्री राजपाल सिंह तोमर, निरीक्षक श्री राजेश कुमार, कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड बी (एएसआई) अनुज मदान और है0का0 सौरभ सिंह शामिल थे।

# अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का नया वातावरण बना- राष्ट्रपति मुर्मू



नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में विकास का एक नया वातावरण बना है तथा इस केंद्रशासित प्रदेश में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। उन्होंने बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों के दिल से दूरियों का भाव समाप्त किया मुर्मू ने कहा, "विकसित भारत की एक महत्वपूर्ण कसौटी, देश का संतुलित विकास है। किसी क्षेत्र में ये भावना नहीं होनी चाहिए कि वो विकास में पीछे छूट रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने पूर्वोत्तर के लोगों की इन्हीं भावनाओं को समझा, उनके दिल से दूरियों का भाव समाप्त किया तथा 10 से अधिक शांति समझौते कर सरकार ने अनेक गुटों को शांति के मार्ग से जोड़ने का काम किया है। राष्ट्रपति ने इस बात का उल्लेख किया कि पूरा देश पूर्वोत्तर के आठ राज्यों की संभावनाओं को देख सके, इस दिशा में पहले अष्टलक्ष्मी महोत्सव का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर के विकास के साथ-साथ सरकार ने देश के पूर्वोदय यानी पूर्वी राज्यों के सर्वांगीण विकास की कार्य-योजना पर काम शुरू कर दिया है जिससे रोज़गार के नए अवसर भी उपलब्ध होंगे। मुर्मू के अनुसार, अंडमान निकोबार एवं लक्षद्वीप में विकास की कई परियोजनाएं प्रारम्भ कर उन्हें राष्ट्र की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। उन्होंने कहा, अनुच्छेद 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में विकास का एक नया वातावरण बना है। जम्मू कश्मीर में लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव अत्यंत शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए। राष्ट्रपति ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

# गरीब जरूरतमंदों के मसीहा बने रवि शर्मा व दिनेश मेघवाल कोला वाले

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**



रामगंज मंडी इन दिनों क्षेत्र में रवि शर्मा व दिनेश मेघवाल कोला वाले की सेवाएं चर्चा का विषय बनी हुई हैं। जैसे ही कड़ाके की सर्दी ने अपना असर दिखाया वैसे ही रवि शर्मा व दिनेश मेघवाल कोला वाले ने जरूरतमंदों की मदद के लिए सेवा में लग गए उन्होंने क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक गांवो में 100 से अधिक जरूरतमंदों को चिन्हित कर उन्हें ऊनी कम्बल नि:शुल्क उपलब्ध कराए इनके इस कार्य की क्षेत्र वासी भी जमकर तरफ कर रहे हैं। दिनेश मेघवाल कोला वाले ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान ने अगर हमें किसी की मदद करने लायक बनाया है तो मदद जरूर करनी चाहिए साथ ही उन्होंने कहा कि मदद भी ऐसे लोगों तक पहुंचाओ जो वाकई में मदद के हकदार है हमने कंबल वितरण से पहले योजना बनाई और जरूरतमंदों को चिन्हित कर के कंबल वितरित किए हैं ताकि हमारी सेवा व्यर्थ न जाए आपकी जानकारी के लिए बता दे क्षेत्र के कोला अहिरान, जुल्मी, मंडाना, दरा, सहीत एक दर्जन से अधिक गांवो में जरूरतमंदों तक रवि शर्मा एवं दिनेश मेघवाल कोला वाले ने मदद पहुंचाई है। इन्होंने आज भी सुकेत के तीन टापरी गांव में कम्बल वितरण किए इस दौरान राजेश अहीर, लालू अहीर, सुरेंद्र वैष्णव, सोभाराम अहीर, साँवलीया मेघवाल, मुकेश मालवी, हंसराज अहीर, रामस्वरूप अहीर भी मौजूद रहे जिन्होंने रवि शर्मा व दिनेश मेघवाल कोला वाले को जरूरतमंदों का मसीहा बताया

# निराश्रित गोवंशो के संरक्षण एवं भरण-पोषण हेतु जनपद स्तरीय अनु श्रवण मूल्यांकन की समीक्षा





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो**

हापुड़ । ( पुष्पेन्द्र कुमार) शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे निराश्रित गोवंशों के सरंक्षण एवं भरण-पोषण हेतु जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं मूल्याकंन समीक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी श्री हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी, द्वारा जनपद में संचालित समस्त 36 गौआश्रय स्थलों की समीक्षा की गयी तथा सम्बन्धित नोडल अधिकारी, पशुचिकित्साधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी से गौआश्रय स्थल के विषय में पायी गयी कमियों को दूर करने हेतु निर्देशित किया गया तथा गौआश्रय स्थल में गोवंशों के लिए हरा चारा, भूसा, चोकर, आदि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, द्वारा गोवंशों पर पराली खिलाने के कारण होने वाले दुष्प्रभाव के विषय में अवगत कराया गया तथा जिसमें बताया गया कि पराली का उपयोग केवल बिछावन के रूप में किया जाये, गोवंशों में पराली खिलाने के कारण डगनाला जैसे रोग हो सकते है। जनपद में बन रहे नवीन वृहद गौ सरंक्षण केन्द्र, शेखपुर खिचरा के निर्माण की प्रगति के सम्बन्ध में चर्चा हुई निर्माण दायी संस्था को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही निर्माण कार्य पूर्ण किया जाये। जनपद में गौ आश्रय स्थलों को संचालित कर रही स्वयं सेवी संस्थान को निर्देशित किया गया कि गोबर के उपयोग से गोबर के लट्ठे बनाये जायें एवं दानदाताओं से दान प्राप्त कर गौ आश्रय स्थलों का विकास किया जाये। जनपद में निराश्रित गोवंश की बढ़ती हुई संख्या को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारी / अधिशासी अधिकारी, न0पा0परि0 हापुड़ को निर्देशित किया गया कि शीघ्र नवीन भूमि के प्रस्ताव उपलब्ध करायें जिससे नवीन गौ आश्रय स्थलों का निर्माण किया जा सके। बैठक में जनपद के समस्त गोआश्रय स्थलों के जनपद स्तरीय नोडल अधिकारी जिला पंचायतराज अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, उप कृषि निदेशक, ए0एम0ए0, जिला पंचायत, खनन अधिकारी, खाद्य सरंक्षण अधिकारी, जिला सेवायोजन अधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, समस्त उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी / पशुचिकित्साधिकारी डा0 ओ0पी0 मिश्रा, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, हापुड़ एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# बुलंदशहर में थैलेसीमिया पीड़ित छात्रा शिवानी की जिलाधिकारी से मुलाकात, मिले शुभाशीर्वाद

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**



बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। बुलंदशहर के दौलतगढ़ गांव की रहने वाली कक्षा 10 की छात्रा शिवानी, जो थैलेसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं, ने जिलाधिकारी श्रुति शर्मा से मुलाकात की। शिवानी, जो एफ बी एम मुस्लिम इंटर कॉलेज में पढ़ाई कर रही हैं, ने जिलाधिकारी से अपने स्वास्थ्य की स्थिति के बारे में जानकारी दी। जिलाधिकारी ने उन्हें जल्द स्वस्थ होने की शुभकामनाएं दी और उनके परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।
शिवानी की बीमारी को ध्यान में रखते हुए उनके विद्यालय की प्रधानाचार्य मंजू शर्मा भी उनका विशेष ध्यान रखती हैं। शिवानी को हर 20 दिन में दो यूनिट रक्त चढ़वाना पड़ता है, और उनके उपचार में परिवार का निरंतर समर्थन बना रहता है। उनके पिता, मनवीर सिंह, जो ऑल इंडिया थैलेसीमिया मिशन के राष्ट्रीय संयोजक थे, ने जिले में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए कई सुविधाएं प्रदान की थीं। उन्होंने जिला अस्पताल में थैलेसीमिया वार्ड भी बनवाया था और थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। मनवीर सिंह के निधन के बाद, जिले में थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़कर 100 से अधिक हो गई है। हालांकि इस बीमारी से जूझ रहे बच्चों के लिए अब भी चिकित्सा और रक्तदान की कठिनाइयाँ बनी हुई हैं। जिलाधिकारी श्रुति शर्मा ने शिवानी और उनके जैसे अन्य बच्चों को हर संभव सहायता और जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

# कोतवाली नगर पुलिस की कार्रवाई से 80,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी वापस दिलवाए गए

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**




बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। 29 नवम्बर 2024 को श्री मनीष कुमार चौधरी, निवासी आवास विकास द्वितीय, ने थाना कोतवाली नगर में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें उन्होंने बताया कि उनके खाते से फोन-पे के माध्यम से कुल 80,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी की गई। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली नगर की साइबर हैल्प डेस्क ने मामले की जांच शुरू की और अथक प्रयासों के बाद ठगी गए 80,000 रुपये को श्री चौधरी के बैंक खाते में वापस कर दिया।
श्री मनीष कुमार चौधरी ने थाना कोतवाली नगर पुलिस की इस सफलता की सराहना करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। पुलिस प्रशासन ने सभी नागरिकों से सतर्क रहने की अपील की और चेतावनी दी कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति से खाता संख्या, पिन, ओटीपी, या सीवीवी नंबर साझा न करें। साथ ही, अगर किसी के खाते से धोखाधड़ी होती है तो तुरंत 1930 पर कॉल करने की सलाह दी गई। इस कार्यवाही में थाना कोतवाली नगर की पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसमें प्रभारी निरीक्षक श्री धर्मेन्द्र सिंह राठौर, उ0नि0 आनन्द लाक्षाकार, उ0नि0 दर्पण चौधरी, और का0 ऋषभ यादव शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ ने किया वृक्षारोपण - पर्यावरण बचाने का दिया गया सन्देश



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

कोटा 31 जनवरी 2025, इनरव्हील क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु आई एल टेम्पल में वृक्षारोपण किया गया क्लब अध्यक्ष सरिता भूटानी एवं सेक्रेट्री डॉ विजेता गुप्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र त्यागी एवं इनर व्हील क्लब की डिस्ट्रिक चेयरमेन स्वाति गुप्ता के नैतृत्व में आई एल टेम्पल में वृक्षारोपण किया गया क्लब सदस्यों द्वारा नीम, पीपल और आम के पौधे लगाये गये क्लब अध्यक्ष, सेक्रेट्री एवं आई एस ओ शशि झंवर द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया आई एस ओ श्रीमति शिखा अग्रवाल ने बताया कि क्लब सदस्य रजनी अरोड़ा, रेणु लालपुरिया, सुशीला मित्तल द्वारा मन्दिर प्रांगण में डस्टबीन भी रखवाये गये

### पीपल्दा में वार्षिक उत्सव व विदाई समारोह आयोजित किया



**उजाला हितैषी एक्सप्रेस, मीना देवी, ब्यूरो चीफ राजस्थान**

रामगंज मंडी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पीपल्दा में वार्षिक उत्सव मनाया गया इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में ढाबादेह मंडल अध्यक्ष सांवरलाल मेघवाल रहे। आयोजन के दौरान विद्यालय द्वारा भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। वहीं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान कर उत्साह वर्धन किया गया साथ ही कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह भी आयोजित किया इस मौके पर विद्यालय के प्रिंसिपल योगेंद्र सिंह, वाइस प्रिंसिपल रामचरण मकवाना, वरिष्ठ अध्यापक मोहनलाल मेघवाल, वरिष्ठ अध्यापक विद्यासागर अहीर, विनोद शर्मा, रोहित सिंह खींची, ललित नावारिया, रामकुमार मीणा समाजसेवी, हरि कुमार अहीर, बालमुकुंद अहीर, सूरजमल अहीर, पूर्वउप सरपंच बृजेश गुर्जर, प्रभु लाल अहीर, स्थानीय विद्यालय की अध्यापिकाएं, अंतिम, बालाजैन, हेमलता प्रजापत, मीना कुमारी शक्तावत, चंद्रकांत मीणा व प्रियंका आदि उपस्थित रहे

### बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता, दहेज उत्पीड़न के आरोपियों को 5-5 साल की सजा

**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (सचिन शर्मा)। बुलन्दशहर पुलिस ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट करने वाले चार आरोपियों को न्याय दिलवाया है। आरोपियों को 5-5 साल की कारावास और 25,000-25,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। वर्ष 2020 में आरोपियों ने वादी के साथ अतिरिक्त दहेज की मांग की और उसे दहेज के लिए प्रताड़ित कर मारपीट की थी। इस घटना के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर 3 सितंबर 2020 को मामला दर्ज किया गया था, और पुलिस ने 29 जनवरी 2021 को आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया था। इस मामले को ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत चिन्हित किया गया, और बुलन्दशहर पुलिस के मॉनीटरिंग सैल ने सशक्त पैरवी की। इस दौरान 6 गवाहों के बयान पर कार्यवाही की गई, जिसके परिणामस्वरूप आज (31 जनवरी 2025) न्यायाधीश श्री विवेक कुमार द्ध ने सभी चार आरोपियों को दोषी पाया और उन्हें 5-5 साल की सजा और 25,000 रुपये के जुर्माने से दण्डित किया। इस मुकदमे में अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री राजीव कुमार और श्री योगेश कुमार का योगदान सराहनीय रहा। इस सफलता से बुलन्दशहर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के खिलाफ कड़ी कार्रवाई को दिखाया है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का समापन, रोडवेज बस अड्डे पर शपथ ग्रहण समारोह





**उजाला हितैषी एक्सप्रेस**

बुलंदशहर (हितेश शर्मा)। दिनांक 31 जनवरी 2025 को, राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के समापन अवसर पर रोडवेज बस अड्डे के प्रांगण में परिवहन विभाग, यातायात पुलिस और रोडवेज विभाग के अधिकारियों द्वारा एक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई गई और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। समारोह में एआरटीओ श्री राजीव बंसल, प्रभारी निरीक्षक यातायात श्री संजय कुमार वर्मा, पीटीओ श्री विकास अस्थाना और अन्य संबंधित अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। इस पहल के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने की दिशा में एक और कदम बढ़ाया गया।